सुविचार

संस्कृति का सामूहिक चेतना, मानसिक शील और मनोभावों से मौलिक संबंध है।

–जयशंकर प्रसाद

Daily

THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Raveena Tandon Rejected...

Ranchi ● Friday, 07 November 2025 ● Year : 03 ● Issue : 289 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com

पहले फेज की वोटिंग के दौरान गरजे एनडीए और महागठबंधन के नेता, दूसरे चरण को लेकर तेज हुई चुनावी जंग

बिहार में भारी बहुमत से फिर एक बार बनेगी एनडीए की सरकार : पीएम

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 VS

बिहार के युवाओं को सीएम नीतीश कुमार ने बना दिया मजदूर : राहुल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भागलपुर में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

जहां करप्शन, वहां नहीं मिलता सामाजिक न्याय

पीएम ने कहा कि जहां कट्टा, क्रूरता का राज हो, वहां कानून दम तोड़ देता है। जहां कटुता बढ़ाने वाली राजद और कांग्रेस हो, वहां समाज में सद्भाव मुश्किल होता है। जहां राजद और कांग्रेस का कुशासन हो, वहां विकास का नामो-निशान नहीं होता है। जहां करप्शन हो, वहां सामाजिक न्याय नहीं मिलता, ऐसे लोग कभी भी बिहार का भला नहीं कर सकते। पीएम ने कहा कि घुसपैठिए हमारे प्रयासों के सामने एक बड़ी चुनौती है। सरकार घुसपैठियों की पहचान कर रही है और उन्हें देश से बाहर निकालने के लिए काम कर रही है।

PURNIYA @ PTI :

गुरुवार को बिहार में पहले फेज की वोटिंग के बीच पीएम मोदी ने नवादा और भागलपुर में जनसभाएं की। भागलपुर में उन्होंने कहा कि एक बार फिर भारी बहुमत से बिहार में नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि आज पहले चरण का मतदान हो रहा है। बिहार की माताएं और बेटियां बड़ी संख्या में मतदान कर रही हैं, ताकि राष्ट्रीय जनता दल के जंगलराज को आने से रोका जा सके। पीएम ने कहा कि, आरजेडी के पोस्टर में कांग्रेस के नामदार की कहीं तस्वीर लगी है। इन दोनों पार्टियों में ही तनातनी चल रही है। कांग्रेस के नामदार बिहार आना भी नहीं चाहते थे, लेकिन इनको जबरदस्ती लाया गया है। इससे पहले पीएम मोदी ने अररिया में कहा था कि 2014 में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद बिहार के विकास में तेजी आई।

पूर्णिया में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने चुनावी जनसभा को किया संबोधित

महीनों की मेहनत के बाद लीक हो जाता है पेपर

बिहार का युवा सपना देखता है कि इंजीनियर बनूंगा, डॉक्टर बनूंगा। महीनों की मेहनत के बाद परीक्षा के एक दिन पहले पेपर लीक हो जाता है और बिहार का ईमानदार युवा देखता रह जाता है। राहुल ने कहा- नीतीश कुमार कहते हैं कि 20 साल में बिहार को बदल दिया, लेकिन मैं पूछता हूं कि क्या बिहार में अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य मिल सकता है। बिहार के अस्पतालों में लोग जीने नहीं, मरने जाते हैं। दूसरी तरफ पीएम मोदी खड़े हैं। पीएम के हाथ में नीतीश का रिमोट है।

PURNIYA @ PTI :

गुरुवार को पूर्णिया के कसबा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि, बिहार में 20 साल से नीतीश कुमार मुख्यमंत्री है, लेकिन वे बिहार के युवाओं को मजदूर बना दिया है। बिहार में उद्योग के लिए जमीन नहीं है, लेकिन अडानी के लिए सरकार के पास जमीन है। राहुल गांधी ने आगे कहा कि, हरियाणा का चुनाव वोट चोरी करके जीता गया। हरियाणा के वोटर लिस्ट में दो बूथ में एक महिला का चेहरा 200 बार दिखाया गया। दूसरी महिला का 100 बार। हजारों लोग यूपी में वोट करते हैं। वहीं हरियाणा में वोटिंग करते हैं। ब्राजील की एक महिला हरियाणा की वोटर हैं, उसने वहां वोट दिया। महाराष्ट्र, हरियाणा और लोकसभा चुनाव में वोट चोरी करने के बाद बिहार में 'वोट चोरी' करने की कोशिश की जा रही है।

वोटरों में दिखा उत्साह, 1314 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद, 14 को आएंगे नतीजे

बिहार में फर्स्ट फेज की 121 विस सीटों पर डाले गए वोट, 64.46 प्रतिशत हुई वोटिंग

SHARE

सेंसेक्स	:	83,311.01
निफ्टी	:	25,509.70

SARAFA

सोना	:	11,325
चांदी	:	164

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

फिलीपींस में तूफान ने ली 241 लोगों की जान

NEW DELHI : फिलीपींस में आए 'कालमेगी' तूफान से जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाओं ने कई घर उजाड़ दिए। तूफान के कारण अब तक 241 लोगों की मौत हो गई है। आपदा एजेंसी ने गुरुवार को बताया कि मध्य क्षेत्रों में तबाही मचाने वाले इस तूफान ने वियतनाम की ओर बढ़ते हुए फिर से ताकत हासिल कर ली है। वियतनाम के जिया लाई प्रांत में अधिकारियों ने भारी बारिश और विनाशकारी हवाओं की चेतावनी दी है, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ आ सकती है और कृषि गतिविधियां बाधित हो सकती हैं। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने गुरुवार को आपातकाल की घोषणा कर दी है। इस साल देश में यह सबसे घातक प्राकृतिक आपदा आई है। तूफान के कारण मध्य प्रांतों में कम से कम 241 लोगों की मौत हो गई।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 48 रनों से दी शिकस्त

NEW DELHI : गुरुवार को गोल्ड कोस्ट के कैरारा में खेले गए चौथे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 48 रन से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बनाई। अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर की उम्दा गेंदबाजी से भारत ने 168 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम वाशिंगटन सुंदर (तीन रन पर तीन विकेट), अक्षर पटेल (20 रन पर दो विकेट) और शिवम दुबे (20 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18.2 ओवर में 119 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान मिचेल मार्श (30) ही 30 रन के आंकड़े को छू पाए। नाथन एलिस (21 रन पर तीन विकेट) और एडम जंपा (45 रन पर तीन विकेट) ने इससे पहले अंतिम ओवरों में भारत को लगातार झटके दिए जिससे एक समय दो विकेट पर 121 रन बनाकर अच्छी स्थिति में दिख रही मेहमान टीम आठ विकेट पर 167 रन ही बना सकी।

AGENCY PATNA :

गुरुवार को बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग खत्म हो गई। सुबह 7 से शाम 6 बजे तक वोटिंग हुई। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि शाम 6 तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 3.75 करोड़ मतदाताओं में करीब 64.46 प्रतिशत ने मतदान किया। उन्होंने बताया कि यह आंकड़ा कुल 45,341 मतदान केंद्रों में से 41,943 केंद्रों से प्राप्त सूचनाओं पर आधारित है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान शांतिपूर्ण और निष्पक्ष माहौल में संपन्न हुआ। कुछ स्थानों पर छिटपुट घटनाओं के अलावा कहीं से कोई बड़ी गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली। पिछली बार 2020 में 56.9 प्रतिशत मतदान हुआ था। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, पहले चरण में शामिल 18 जिलों में से बेगूसराय में सबसे अधिक 67.32 प्रतिशत मतदान दर्ज किया। मधेपुरा (65.74 प्रतिशत), समस्तीपुर (65.65 प्रतिशत), मुजफ्फरपुर (65.23 प्रतिशत) और गोपालगंज (64.96 प्रतिशत) में भी मतदान उत्साहजनक रहा। अपेक्षाकृत सबसे कम मतदान शेखपुरा (52.36 प्रतिशत), इसके बाद भोजपुर (53.24 प्रतिशत) और मुंगेर (54.90 प्रतिशत) में हुआ। आंकड़ों के अनुसार, राजधानी पटना में 55.02 प्रतिशत और नालंदा में 57.58 प्रतिशत मतदान हुआ।

- सबसे अधिक बेगूसराय में 67.32% और शेखपुरा में सबसे कम 52.36% वोटिंग
- राजधानी पटना में 55.02 और नालंदा में 57.58 प्रतिशत मतदान
- 18 जिलों में सुबह 7 से शाम 6 तक हुई वोटिंग अतिसंवेदनशील 56 बूथों पर शाम 5 बजे तक मतदान
- पिछली बार साल 2020 में 56.9 प्रतिशत हुआ था मतदान

मतदाताओं की देखी गई लंबी कतारें

सहरसा में (62.65), दरभंगा (58.38), सीवान (57.41), सारण (60.90), वैशाली (59.45), खगड़िया (60.65), लखीसराय (62.76) और बक्सर में 55.10 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। सुबह सात बजे से शुरू हुआ मतदान शांतिपूर्ण रहा और कई स्थानों पर ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं। पहले फेज की वोटिंग खत्म होने के साथ ही 1314 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई। दूसरे फेज की वोटिंग 11 नवंबर को खत्म होने के बाद 14 नवंबर को नतीजे आएंगे।

नाव पर सवार होकर वोट डालने पहुंचे लोग

नालंदा के मुसहरी गांव में वोट बहिष्कार, बूथ संख्या 280 पर नहीं पड़े वोट

नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड की डिहरी पंचायत स्थित मुसहरी गांव में ग्रामीणों ने अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार किया। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के दौरान गुरुवार को गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में बने बूथ संख्या 280 पर एक भी वोट नहीं डाला गया। अतिसंवेदनशील 56 बूथों पर शाम 5 बजे तक ही वोटिंग हुई। बिहार में शहरी वोटर में वैसा उत्साह नहीं दिखा। 121 सीटों में से 3 सीटों पर सबसे कम वोटिंग देखी गई।

वोटिंग के दौरान की बड़ी घटनाएं

लखीसराय : डिप्टी सीएम की गाड़ी पर हमला हुआ। राजद एमएलसी अजय सिंह से भिड़े विजय सिन्हा।

पटना : मनेर में आईडी चेक करने पर राजद उम्मीदवार भाई वीरेंद्र ने दरोगा को धमकाया। कहा- यहीं आग लगा देंगे।

वैशाली : राजद उम्मीदवार रविंद कुमार सिंह के भड़काने पर लोगों ने सीएपीएफ जवानों पर पत्थर फेंके।

दरभंगा : सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र में पोलिंग एजेंट को धमकी मिली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस पर पथराव हुआ। 2 हिरासत में।

सारण : जैतपुर में मांझी सीट से सीपीआई प्रत्याशी सत्येंद्र कुमार की गाड़ी पर ईंट-पत्थर, लाठी से हमले किए गए।

सीवान, दरभंगा और मुजफ्फरपुर के 8 बूथों पर मतदान का बहिष्कार किया।

चुनावी सभा में गांडेय की विधायक ने कहा- वोट के माध्यम से दें रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि

झामुमो प्रत्याशी को जिताएं, होंगे कई नए कार्य : कल्पना

PHOTON NEWS GHATSHILA :

घाटशिला विधानसभा के उपचुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। इसी कड़ी में गुरुवार को झामुमो की स्टार प्रचारक व गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन ने जनसभा की। दोपहर लगभग 3 बजे दामपाड़ा क्षेत्र के गंधानिया हाट मैदान में कहा कि इस क्षेत्र से आपका बेटा, आपका भाई, झामुमो और महागठबंधन के प्रत्याशी सोमेश सोरेन को अपना आशीर्वाद देकर विधानसभा पहुंचाएं। पूर्व मंत्री रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश सोरेन उनके अधूरे कार्य को पूरा कर सकें, इसके लिए उन्हें अपना आशीर्वाद देकर स्व. रामदास सोरेन को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें। उन्होंने कहा कि आपका बेटा हेमंत सोरेन सर्वजन पेंशन योजना से लोगों के आंसू पोंछने का काम किया है। झारखंड सरकार द्वारा 18 से 49 वर्ष तक की बहन-बेटियों को मंईयां सम्मान योजना से जोड़कर उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा द्वारा पीएम आवास योजना की राशि बंद हो जाने के कारण हेमंत सरकार ने अबुआ आवास योजना शुरू किया, जिससे सैकड़ों परिवार को आवास दिया जा रहा है।

घाटशिला विस उपचुनाव | **दामपाड़ा क्षेत्र के गंधानिया हाट मैदान में जनसभा**

मुसाबनी में बनाया जाएगा इंजीनियरिंग कॉलेज

घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में रामदास सोरेन द्वारा किए गए कार्यों के अलावा अधूरे कार्य को पूरा करना होगा, जिसमें पं. रघुनाथ मुर्मू संथाली विश्वविद्यालय, मुसाबनी में इंजीनियरिंग कॉलेज सहित अन्य कई काम चुनाव के बाद शुरू किए जाएंगे। संथाली विश्वविद्यालय भारत का दूसरा जनजातीय विश्वविद्यालय बनेगा। उन्होंने कहा कि 11 तारीख को पहले मतदान, फिर दाका-जोम (जलपान) करें। जनसभा में राज्यसभा सांसद महुआ माजी, राज्य के मंत्री दीपक बिरुवा, विधायक सविता महतो, सांसद जोबा मांझी सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

तदाशा मिश्रा बनीं झारखंड की नई प्रभारी डीजीपी

RANCHI : झारखंड कैडर के 1994 बैच की आईपीएस तदाशा मिश्रा को राज्य का प्रभारी डीजीपी बनाया गया है। इस संबंध में गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने गुरुवार की रात अधिसूचना जारी कर दी। वह वर्तमान में झारखंड पुलिस के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग में विशेष सचिव के पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले सरकार ने पूर्व डीजीपी अनुराग गुप्ता के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया। इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया गया। गौरतलब है कि तदाशा मिश्रा को हाल ही में रेल एडीजी के पद से स्थानांतरित कर गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड पुलिस में विशेष सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था। वह दिसंबर 2025 में सेवानिवृत्त होंगी। वह पहले भी कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुकी हैं, जिनमें झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप) की एडीजी और रेल एडीजी जैसे पद शामिल हैं।

- 1994 बैच की आईपीएस हैं तदाशा, अगले माह होंगी सेवानिवृत्त
- पूर्व डीजीपी अनुराग गुप्ता का इस्तीफा मंजूर होने के बाद की गई नई नियुक्ति

जिला परिषद का बड़ा बाबू ₹65000 रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

PHOTON NEWS LATEHAR :

गुरुवार को एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) की टीम ने जिला परिषद कार्यालय के बड़ा बाबू संतोष सिंह को 65 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि शिकायतकर्ता संतोष पांडेय उर्फ बबलू पांडेय ने एसीबी को बताया था कि बड़वागड़हा पंचायत में दो वर्ष पहले पूरा हो चुके कार्य का टाइम एक्सटेंशन काटने के लिए बड़ा बाबू संतोष सिंह ने 65 हजार रुपये रिश्वत मांगी है। शिकायतकर्ता बबलू पांडेय ने जब रिश्वत देने से इनकार कर दिया और इसकी सूचना पलामू प्रमंडल कार्यालय की एसीबी टीम को दी। एसीबी ने मामले की जांच में आरोप सही पाए जाने पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम-2018 के तहत मामला दर्ज किया। गुरुवार को दंडाधिकारी और स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में एसीबी ने संतोष सिंह को संतोष उर्फ बबलू पांडेय से 65 हजार रुपये लेते ही दबोच लिया।

- दो वर्ष पहले पूरा हो चुके कार्य का टाइम एक्सटेंशन काटने के लिए मांगी थी घूस
- शिकायतकर्ता ने इनकार कर पलामू प्रमंडल कार्यालय की टीम को दी थी सूचना

रांची के पूर्व डीसी राय महिमापत रे के खिलाफ पीई दर्ज

RANCHI : रांची के पूर्व डीसी और फिलहाल केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए आईएसएस अधिकारी राय महिमापत रे के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने प्रिलिमनरी एंक्वायरी (पीई) यानी प्रारंभिक जांच दर्ज कर ली है। वित्तीय अनियमितता के मामले में पीई दर्ज करने के लिए एसीबी ने राज्य सरकार से अनुमति मांगी थी। जानकारी के अनुसार, अनुमति मिलने के बाद एसीबी ने राय महिमापत रे के विरुद्ध अपनी प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। राय 2011 बैच के झारखंड कैडर के आईएसएस अधिकारी हैं। वह वर्ष 2018 के फरवरी महीने में रांची के डीसी बने थे। वर्ष 2020 के जुलाई महीने तक रांची डीसी के पद पर थे। फिलहाल वह वर्ल्ड बैंक में सीनियर डिजिटल डेवलपमेंट स्पेशलिस्ट के पद पर हैं।

न्यू स्टडी | सामान्य भोजन से ही मस्तिष्क सहित शरीर के अन्य अंगों को मिलती है ऊर्जा

दिमागी सेहत की मजबूती के लिए स्पेशल डाइट जरूरी

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK :

चिकित्सकों और पोषण विशेषज्ञों के अनुसार, मानव शरीर के सभी अंगों को कार्य करने के लिए ऊर्जा की आवश्यकता होती है, जो सामान्य रूप से भोजन से प्राप्त होती है। संतुलित आहार में प्रोटीन, काबोर्हाइड्रेट, वसा विटामिन, मिनरल्स और पानी को शामिल किया जाता है। इनका अनुपात असंतुलित रहने पर स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। हमारे शरीर में मस्तिष्क का विशेष स्थान होता है। मस्तिष्क की संरचना, उसके विकास और कार्य प्रणाली की प्रक्रिया अन्य अंगों की तुलना में अलग होती है। इसलिए इसकी सेहत की डिमांड भी अलग होती है। हाल में हुए रिसर्च से यह महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है कि दिमाग की सेहत की मजबूती के लिए सामान्य भोजन से अलग कुछ खास डाइट की आवश्यकता होती है। हालांकि सामान्य भोजन से मस्तिष्क सहित शरीर के अन्य अंगों को ऊर्जा मिलती है। नेशनल जियोग्राफिक की प्रीमियम साइंस रिपोर्ट में बताया गया है कि कुछ खाद्य पदार्थ सीधे मस्तिष्क के विकास, याददाश्त, ध्यान और उम्र के साथ संज्ञानात्मक क्षमता को मजबूत रखते हैं।

संतुलित आहार के अनुपात में गड़बड़ी से स्वास्थ्य पर पड़ता है नकारात्मक प्रभाव

संपूर्ण शरीर को भोजन से प्राप्त कुल ऊर्जा का 20% तक उपयोग करता है दिमाग

- मस्तिष्क की संरचना और कार्य प्रणाली के कारण अलग है इसके स्वास्थ्य की डिमांड
- मानव शरीर के कुल वजन का लगभग दो प्रतिशत हिस्सा होता है मस्तिष्क
- न्यूरोसाइंस विशेषज्ञों की लेटेस्ट रिपोर्ट में ब्रेन फूड की दी गई है विस्तृत जानकारी



मस्तिष्क की याददाश्त और सीखने की क्षमता को नियंत्रित करते हैं कुछ विशेष खाद्य पदार्थ

ब्रेन फूड महज कहावत नहीं, सिद्ध सच्चाई

शीर्ष न्यूरोसाइंस विशेषज्ञों की इस ताजा वैज्ञानिक रिपोर्ट में यह विस्तार से बताया गया है कि ब्रेन फूड महज कहावत नहीं, बल्कि सिद्ध सच्चाई है। शोध में पाया गया है कि कुछ विशेष खाद्य पदार्थ मस्तिष्क के निर्माण, उसकी याददाश्त, सीखने की क्षमता और उम्र के साथ उसकी गिरावट को धीमा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

थकान और तनाव दूर करने में भूमिका

विशेषज्ञों के अनुसार, मानव मस्तिष्क शरीर के कुल वजन का केवल लगभग 2 प्रतिशत हिस्सा है। लेकिन, यह शरीर की ऊर्जा का करीब 20 प्रतिशत तक उपयोग कर लेता है। यही कारण है कि सामान्य खान-पान से ऊपर जाकर दिमाग को ऐसे पोषक तत्वों की आवश्यकता पड़ती है, जो न्यूरॉन की संरचना मजबूत रखें और दिमागी थकान व तनाव को कम करें। शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में बताया है कि ओमेगा-थ्री फैटी एसिड, विटामिन के, फोलेट, कोलीन और एंटीऑक्सिडेंट्स से भरपूर खाद्य पदार्थ दिमाग के लिए सबसे उपयोगी माने जाते हैं। ताजा रिपोर्ट में यह महत्वपूर्ण बात बताई गई है कि भारतीय भोजन में कई ऐसे तत्व स्वाभाविक रूप से शामिल हैं, जिनके महत्व की जानकारी आधुनिक विज्ञान दे रहा है। सरसों और पालक जैसे हरे साग, तिल और अलसी, मूंगफली, दही-छाछ, बादाम-अखरोट और रोहू जैसी देसी मछलियां दिमाग को शक्ति देती हैं।

नदी में डूबे युवकों की तलाश करते गोताखोर ● फोटोन न्यूज

दामोदर नदी में डूबे युवकों की तलाश जारी, 4 शव बरामद

AGENCY DHANBAD :
कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को धनबाद-बोकारो फोरलेन स्थित तेलमच्चो पुल के नीचे दामोदर नदी में हुए हादसे में मृतकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जानकारी के अनुसार अबतक स्थानीय गोताखोरों की मदद से चार युवकों का शव नदी से बाहर निकाला जा चुका, जबकि दो युवकों की तलाश अब भी जारी है। घटना के संबंध में अबतक मिली जानकारी के अनुसार, कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 10 युवकों की दो अलग-अलग टोली तेलमच्चो स्थित दामोदर नदी में पुण्य स्नान करने पहुंची थी। पहली घटना मे बाघमारा स्थित भीमकनाली से आए 5 युवक बुधवार को स्नान के लिए नदी में उतरे और तेज धारा में बहने लगे। वहां मौजूद स्थानीय ग्रामीणों ने उनमें से तीन युवकों को बचाकर नदी से बाहर निकाला, लेकिन दो युवक सुमित राय (17) और सनी चौहान (21) नदी की तेज धारा में बह गए। लापता लापता युवकों के पिता बीसीसीएल कर्मी बताए जाते हैं। वहीं बुधवार को भूली ए ब्लॉक के 5 युवक विजय यादव, रोहित उर्फ छोटू, रोहन उर्फ गोलू, प्रियांशू और अनीश दो अलग-अलग बाइक पर सवार होकर तेलमच्चो स्थित दामोदर नदी में स्नान करने पहुंचे थे। इनमें से चार युवक प्रियांशू नामक दोस्त को अपना सामान और कपड़े देकर नदी में स्नान करने चले गए। काफी देर बाद तक उनके नहीं लौटने पर प्रियांशू ने उन्हें ढूंढना शुरू किया, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। इसके बाद प्रियांशू ने इसकी सूचना अपने परिजनों को दी। बाघमारा के सीओ गिरजानंद किस्कू ने बताया कि भीमकनाली और भूली के कुल 6 युवक नदी की तेज धारा में लापता हुए थे। इनमें से अबतक 4 युवकों का शव स्थानीय गोताखोरों की मदद से बाहर निकाला जा चुका है। 2 युवकों की तलाश जारी है।

दो भाजपा कार्यकर्ताओं की सड़क दुर्घटना में मौत, पांच अन्य घायल

रामरेखा मेला से लौटते समय बोलेरो को ट्रक ने मारी टक्कर, जख्मी रिम्स में भर्ती

AGENCY KHUNTI :
खूंटी-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर पोकला गांव के पास गुरुवार तड़के करीब साढ़े चार बजे हुई सड़क दुर्घटना में बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के सक्रिय सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो कार्यकताओं की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग घायल को गए। घायलों को रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में भर्ती करवाया गया है।
सिमडेगा के रामरेखा मेला से लौटने के दौरान यह हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार, सड़क हादसे के मृतकों की पहचान अनुज कुमार मांझी (गजगांव निवासी) तथा हांसा निवासी शिवदत्त मांझी के रूप में हुई है, जबकि घायलों में गजगांव निवासी प्रभाष मांझी, रेवा निवासी अमित महतो और चंद्रू राम तथा जुरदाग निवासी सुनील कुमार शामिल हैं। इन चारों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स, रांची रेफर किया गया है। वहीं, बांदे निवासी रंजीत महतो को प्राथमिक उपचार के बाद खूंटी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस की ओर सभी आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आम्रेश्वर धाम प्रबन्ध समिति के महामंत्री मनोज कुमार और समिति के अन्य सदस्यों तथा भाजपा संगठन ने दोनों कार्यकर्ताओं के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। संगठन के सदस्यों ने कहा कि इस कठिन घड़ी में वे शोक-संतप्त परिवारों के साथ खड़े हैं। साथ ही ईश्वर से प्रार्थना की गई कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें और उनके परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति दें।

मृतक अनुज मांझी और शिवदत मांझी की फाइल फोटो

बनारस गया पलामू का युवक गंगा में डूबा

PALAMU : पाटन थाना क्षेत्र के उतकी गांव निवासी 24 वर्षीय यतीश पांडेय का शव बुधवार को बनारस में गंगा नदी से बरामद किया गया। यतीश रविवार को गंगा स्नान के दौरान डूब गया था। तीन दिनों से गोताखोरों की टीम उसकी तलाश में जुटी थी। जानकारी के अनुसार, यतीश अपनी मां का इलाज कराने के लिए इंटरसिटी एक्सप्रेस से बनारस गया था। वहां मां-बेटे दोनों गंगा स्नान करने गए, लेकिन स्नान के दौरान यतीश गहरे पानी में चला गया और डूब गया। शव मिलने के बाद यतीश के परिजन बनारस पहुंचे और वहीं अंतिम संस्कार किया। यतीश अपने परिवार का इकलौता पुत्र था। उसके पिता सुशील पांडेय का निधन लगभग 12 वर्ष पहले हो चुका था। अब परिवार में उसकी वृद्ध दादी, मां और दो बहनें हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर बताई जा रही है। यतीश बीए करने के बाद नौकरी की तैयारी कर रहा था। ग्रामीणों के अनुसार, यतीश के दादा और पिता दोनों का निधन भी कम उम्र में हुआ था।

BRIEF NEWS

शराब की खेप बिहार ले जाते एक गिरफ्तार

DUMKA : बिहार में खपाने जा रहे अवैध शराब की बड़ी खेप पिकअप वैन में लदे शराब को जब्त करते हुए जिला के काठीकुंड पुलिस ने एक को गिरफ्तार करते हुए गुरूवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी वाहन का चालक जामताड़ा थाना क्षेत्र के उदलबानी गांव निवासी लखन महतो है। जानकारी के अनुसार काठीकुंड पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग का महिंद्रा पिकअप वाहन से अवैध शराब लादकर काठीकुंड की ओर लाया जा रहा है। इसके बाद पदाधिकारी को सूचित करने के बाद इंस्पेक्टर विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस चांदनी चौक पहुंच जांच में जुट गई। पुलिस को शिकारीपाड़ा- काठीकुंड रोड में वाहन जांच के दौरान शिकारीपाड़ा की ओर से सफेद रंग का महिंद्रा पिकअप आते हुए दिखा। जांच के बाद पुलिस ने पिकअप वाहन (जेएच-10 बीजी 3014) में भारी मात्रों में अवैध शराब की खेप को बरामद किया। पूछताछ के दौरान चालक ने बताया की गाडी में सब्जी लोड है। जांच करने पर पिकअप में लोड सामग्री की जांच में पाया गया कि सब्जी के खाली प्लास्टिक के कैरेट के नीचे में बहुत सारा बंद कार्टून है।

जेल में बंद सासाराम के राजद प्रत्याशी को बेल

GARHWA : बिहार के सासाराम विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी सत्येंद्र साह को गुरुवार को जमानत मिल गई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश-3 शिवनाथ त्रिपाठी की अदालत ने जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए रिहा करने का आदेश दिया। बता दें कि सत्येंद्र साह पर वर्ष 2004 में गढ़वा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बैंक से 10 लाख कैश लूटने का मामला दर्ज था, जिसमें स्थायी वारंट निर्गत हुआ था। इस मामले में रोहतास जिला के करहगर थाना की पुलिस ने सत्येंद्र साह को उस समय गिरफ्तार किया था, जब वे 20 अक्टूबर को सासाराम विधानसभा सीट के लिए नामांकन कर निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय से निकल रहे थे। इसके बाद करहगर थाना की पुलिस ने सत्येंद्र साह को गढ़वा पुलिस के सुपुर्द कर दिया था। इसके बाद गढ़वा पुलिस ने उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था।

रेलवे ट्रैक किनारे से मिला नवजात का शव

PALAMU : जिले के मोहम्मदगंज में रेलवे ट्रैक के किनारे झाड़ियों से बुधवार शाम को मिली नवजात बच्ची के शव मामले में गुरूवार को अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज की गयी। शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। इस घटना को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने ऐसे मामलों में शामिल आरोपियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि मोहम्मदगंज रेलवे ट्रैक किनारे झाड़ियों में एक नवजात बच्ची का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। राहगीरों ने जब झाड़ियों के बीच कुछ संदिग्ध देखा, तो पास जाकर देखा कि वहां एक मासूम बच्ची निर्जीव पड़ी थी। दृश्य देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं।

पलामू पुलिस ने चलाया अभियान

61 वारंटों का निष्पादन, 60 वांटेड अपराधी हुए गिरफ्तार

PALAMU : पलामू की जिला पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ 4-5 नवंबर को बड़ा अभियान चलाया, जिसमें 60 अपराधी गिरफ्तार किए गए। डीजीपी के निर्देश पर एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि इस अभियान के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने 60 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया, 61 वारंटों का निष्पादन किया और 6 स्थायी वारंटों को भी पूरा किया। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य न्यायालय से निर्गत वारंटों एवं कुर्की आदेशों का निष्पादन करना और अपराधियों पर अंकुश लगाना रहा। एसपी ने अभियान में शामिल पुलिस पदाधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्रवाई जिले में अपराध नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाए जाएं, ताकि फरार अभियुक्तों और वार्रंटियों पर कड़ी कार्रवाई की जा सके। जनता में सुरक्षा और विश्वास का माहौल और मजबूत बने। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि अपराध नियंत्रण में जनसहभागिता को बढ़ाया जा सके।

रंगरेलियां मनाते गिरफ्तार हुआ पुलिस पदाधिकारी

GUMLA : गुमला में पुलिस एसोसिएशन का सचिव मनोज पासवान रंगरेलियां मनाते हुए गिरफ्तार किया गया है। वह बुधवार की देर रात एक महिला कांस्टेबल के साथ अपने कुम्हार मोड़ स्थित क्वार्टर में था। पुलिस ने दोनों को रंगरलियां मनाते रंगेहाथ पकड़ा और थाने ले आई। बताया जाता है कि मनोज पासवान 2017 से एक महिला पुलिसकर्मी के संपर्क में था, जिसके पति की मौत उग्रवादी हिंसा में हुई थी। मनोज ने खुद को अविवाहित बताते हुए उसे शादी का झांसा दिया और अनुकंपा के तहत नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया। 2018 में महिला की पुलिस विभाग में अनुकंपा पर नियुक्ति भी हो गई। इसके बाद दोनों के बीच शारीरिक संबंध बनने लगे। पीड़िता का आरोप है कि मनोज पासवान उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। लेकिन, कुछ दिनों बाद वह दूसरी महिला सहायक पुलिसकर्मी से नजदीकी बढ़ाने लगा। जब उसे इसका पता चला, तो उसने विरोध किया। इसे लेकर यदा-कदा झगड़े भी हुए। बुधवार की रात को तंग आकर महिला ने पुलिस अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद पुलिस टीम ने क्वार्टर पर छापेमारी कर दी।

पुलिस पर हमला मामले में तीन नामजद सहित 100 से अधिक अज्ञात पर प्राथमिकी

सतबरवा में स्टोन माइंस के उद्घाटन के दौरान हुई थी घटना

AGENCY PALAMU :
जिले के सतबरवा प्रखंड अंतर्गत लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के रेवारातू में स्टोन माइंस के उदघाटन कार्यक्रम में पुलिस पर किए गए हमले को लेकर तीन नामजद सहित 100 से अधिक अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इस संबंध में मजिस्ट्रेट संजीत कुमार के बयान पर गुरूवार को सरकारी कार्य में बाधा डालने, हमला करने और अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। नामजद आरोपितों में रेवारातू गांव के भीम सिंह, विकास कुमार सिंह और उदेश्वर राम शामिल हैं। लेस्लीगंज थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने इसकी पुष्टि की है। उल्लेखनीय है कि रेवारातू गांव में बुधवार को पुलिस और प्रशासनिक टीम पर 100 से अधिक की संख्या में महिला-पुरूष ग्रामीणों ने हमला कर दिया था। प्रशासनिक टीम उच्च न्यायालय के आदेश के बाद स्टोन माइंस को चालू कराने के लिए पहुंची थी। ग्रामीण लंबे समय से स्टोन माइंस का विरोध कर रहे थे। कई स्तरों पर धरन प्रदर्शन भी किया था। इस बीच जब प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तो ग्रामीणों की भीड़ ने अचानक उन पर लाठी-डंडे, रॉड और पारंपरिक हथियारों से हमला कर दिया था। इस घटना में दो पुलिसकर्मी हवलदार महेन्द्र दुबे और अवधेश पासवान को सिर में चोट लगी थी, जबकि दो अन्य जवानों को हल्की चोट आयी थी। कई पुलिसकर्मी भी जख्मी हुए थे। दोनों जवानों का इलाज एमएमसीएच में किया गया था और उन्हें अस्पातल से छुट्टी दे दी गयी है।

घटना के दौरान आमने-सामने हुए ग्रामीण और पुलिस (फाइल फोटो)

आईआरबी जवान हत्याकांड के आरोपी हथियार संग गिरफ्तार

छठ के दिन मामूली विवाद में हुई थी अजय यादव की हत्या

AGENCY BOKARO :
छठ महापर्व के दिन 27 अक्टूबर को मामूली विवाद में आईआरबी जवान चास के यदुवंश नगर निवासी अजय यादव उर्फ सोनू की गोली मारकर हत्या करने वाले दोनों आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों में बलराम तिवारी उर्फ अंकित तिवारी (25) और सूरज कुमार उर्फ पप्पु कुमार (21) शामिल हैं। दोनों को धनबाद जिले से विशेष जांच दल (एसआईटी) ने गुप्त सूचना और तकनीकी निगरानी के आधार पर गिरफ्तार किया। एसडीपीओ चास प्रवीण कुमार सिंह ने गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि बोकारो एसपी के निर्देश पर गठित टीम ने पांच नवंबर को धनबाद से दोनों को पकड़ा। आरोपितों की निशानदेही पर 7.65 एमएम की देशी पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है।
जांच में खुलासा हुआ है कि मुख्य आरोपित बलराम तिवारी का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ चास थाना में पूर्व से मामला दर्ज है। वहीं, सह-आरोपित सूरज कुमार उर्फ पप्पु कुमार के खिलाफ भी चास थाना में चोरी का मामला दर्ज है।

प्रेसवार्ता में जानकारी देते एसडीपीओ

अवैध लॉटरी गिरोह के पांच धंधेबाज गिरफ्तार

DHANBAD : गोविंदपुर थाना क्षेत्र के जंगलपुर गांव में पुलिस ने अवैध लॉटरी का धंधा करने वाले एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ गुरुवार को किया है। इस दौरान पुलिस ने मौके से पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मोहमद शाहिद, शाहरुख खान, अकबर अली, कैसर अंसारी और मोहमद जानू के रूप में हुई है जो सभी देवघर जिले के निवासी बताए गए हैं। सूचना मिलने पर वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गोविंदपुर थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से करीब 50 लाख रुपये के लॉटरी टिकट, 11 हजार 650 पार्सल प्लास्टिक पैक टिकट, दो लैपटॉप, तीन प्रिंटर, कई मोबाइल फोन, दो स्टेपलर मशीन और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। वहीं, इस संबंध में गुरुवार को डीएसपी-1 शंकर कामती ने जानकारी देते हुए कहा कि सभी आरोपित बड़े स्तर पर अवैध लॉटरी टिकटों की छपाई, पैकिंग और सप्लाई का काम करते थे।

शिक्षा विभाग ने उन्मुखीकरण कार्यशाला का किया आयोजन

कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि

LOHARDAGA : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में गुरुवार को जिला मध्य विद्यालय के नोडल शिक्षकों एवं उच्च विद्यालय के शारीरिक शिक्षकों का उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य अमृता सिन्हा ने कहा कि पोक्सो एक्ट, सुरक्षित बालिका, स्वस्थ बालिका अत्यंत संवेदनशील विषय है, जिसपर शिक्षकों की सम्पूर्ण जानकारी बेहद जरूरी है। सिर्फ छात्रों के साथ पाठ्य पुस्तकों की जानकारी देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य एवं सुरक्षा जैसे विषयों पर बेहतर समझ रखना अनिवार्य है। जेसीईआरटी रांची की ओर से जारी एसओपी के अनुरूप प्रतिभागियों के साथ पॉस्को एक्ट पर व्यापक चर्चा, कानूनी प्रावधन जागरुकता, पर डालसा के इन्द्राणी कुजूर एवं नारायण साहू ने विशेष रूप से चर्चा किया। प्रश्नोत्तरी सत्र के माध्यम से प्रतिभागियों की आशंकाओं का समाधान किया गया। महिला थाना प्रभारी जेनी सुधा तिग्गा ने भी सुरक्षित बालिका विषय पर विविध कानूनी प्रावधानों पर चर्चा की गयी।

पहल निःशुल्क सर्जरी के साथ लेंस, दवा व नाश्ता-भोजन भी दिया जा रहा मुफ्त

सदर अस्पताल में शुरू हुआ मोतियाबिंद ऑपरेशन

PHOTON NEWS DHANBAD:
मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए इंतजार कर रहे जरूरतमंद मरीजों के लिए अच्छी खबर है। सदर अस्पताल में मोतियाबिंद का ऑपरेशन शुरू हो गया है। इससे भी बड़ी बात है कि मोतियाबिंद का ऑपरेशन तो निःशुल्क किया ही जा रहा है, लेंस और दवा के साथ तीनों टाइम का नाश्ता-भोजन भी मुफ्त दिया जा रहा है। यह ऑपरेशन आयुष्मान भारत योजना के तहत किए जा रहे हैं। खबर मिलते ही गुरुवार को ओपीडी में कई मरीजों ने जांच कराई। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुरू की गई इस व्यवस्था में सदर अस्पताल का सहयोग नारायण फाउंडेशन कर रहा है। ऑपरेशन टीम का नेतृत्व डॉ. प्रदीप कुमार कर रहे हैं। पहले सरकारी स्तर पर केवल मेडिकल कॉलेज में मोतियाबिंद का ऑपरेशन होता था, लेकिन यहां नंबर आने में काफी समय लगता था। अब सदर अस्पताल में यह सुविधा शुरू होने से दूरदराज के ग्रामीणों सहित शहर के भी जरूरतमंद मरीजों को राहत हुई है।

मरीज का ऑपरेशन करते डॉक्टर ● फोटोन न्यूज

हर दिन खुली रहती है ओपीडी

नेत्र सर्जन डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में लेंस के लिए अलग से पैसे लगते हैं, जबकि सदर अस्पताल में मरीजों से कोई पैसा नहीं लिया जाता है। इसके साथ ही उन्हें लेंस और दवा भी मुफ्त मिल रही है। इसके लिए मरीज को सबसे पहले ओपीडी में आंखों की जांच करनी होगी। ओपीडी हर दिन सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे तक खुला रहता है। ओपीडी में ऑपरेशन के योग्य मरीजों को चिह्नित किया जाता है।

सभी प्रभारी व सहिया को दिए गए निर्देश

मोतियाबिंद ऑपरेशन शुरू होने को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी और क्षेत्र की सहिया को निर्देश दिए गए हैं। उन्हें मोतियाबिंद के मरीजों की पहचान करके सदर अस्पताल भेजने को कहा गया है। मोतियाबिंद को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान भी चलाया जा रहा है।

सदर अस्पताल में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन हो रहा है। जहां भी ऐसे मरीज मिलें, उन्हें अस्पताल भेजा जा सकता है। आयुष्मान भारत के तहत उन्हें सभी सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।

– डॉ आलोक विश्वकर्मा, सिविल सर्जन, धनबाद

एटीएम मशीन में फंसा कार्ड, हेल्पलाइन नंबर पर फोन करते ही कटे पैसे

RAMGARH : रामगढ़ में एक ऐसा गिरोह इन दिनों सक्रिय है जो एटीएम में फर्जी हेल्प लाइन नंबर चिपका कर ग्राहकों को चूना लगा रहे हैं। जब ग्राहक एटीएम से पैसे निकालने जाते हैं तो कार्ड मशीन में फंस जाता है। इसके बाद ग्राहक परेशान होकर सामने लिखे हेल्प लाइन नंबर पर कॉल करते है। कॉल के बाद गिरोह के लोग अपना काम शुरू कर देते है। कुछ ही देर में वे एकाउंट खाली कर देते हैं। ऐसा ही मामला गुरुवार को देखने को मिला। इस संबंध में भुक्तभोगी अरगड्डा कठुआ बेड़ा निवासी अंजू कच्छप पति संदीप उरांव ने रामगढ़ थाना में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन में कहा है कि वे अपने बच्चे के इलाज कराने के लिए रामगढ़ आई थी और शहर के मेन रोड स्थित यूनियन बैंक के एटीएम मशीन से पैसे निकालने के लिए पहुंची। जैसे ही एटीएम मशीन में अपना कार्ड डाला तो वह फंस गया। इसके बाद हेल्पलाइन नंबर पर फोन किया, तो देखते ही देखते पहले 25 हजार और दूसरी बार 22,500 रुपए की निकासी हो गई। इधर, पुलिस शिकायत के बाद मामले की छानबीन में जुट गई है।

'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर धनबाद में आज होगा भव्य आयोजन

भाजपा के कार्यक्रम में पूर्व सांसद पीएन सिंह होंगे मुख्य अतिथि

AGENCY DHANBAD :
राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर की ओर से 7 नवंबर को एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
यह कार्यक्रम धनबाद के उत्सव भवन में दोपहर तीन बजे से शुरू होगा, जिसकी शुरूआत सामूहिक रूप से वंदे मातरम के गायन से की जाएगी। इसके साथ ही आत्मनिर्भर भारत विषय पर युवा एवं महिला सम्मेलन भी आयोजित होगा।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह (पी.एन. सिंह) शामिल होंगे। वहीं मंच पर धनबाद जिला महानगर अध्यक्ष श्रवण राय सहित कई सांसद, विधायक एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने बताया कि वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में पूरे देशभर के 150 जिलों में और झारखंड के पांच स्थानों पर यह आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत वंदे मातरम के गायन से होगी और लगभग 10 से 15 राष्ट्रीय गीतों का सामूहिक गायन किया जाएगा। पूर्व सांसद पी.एन. सिंह ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारतवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।
इसके 150 वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने पूरे देश में इसे उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। धनबाद में भी यह कार्यक्रम भव्यता और उत्साह के साथ संपन्न किया जाएगा।

पत्रकारों को जानकारी देते पीएन सिंह व अन्य ● फोटोन न्यूज

झारखंड में बढ़ा खून-खराबा व सड़क लूट का खौफ, चोरी की रफ्तार धीमी

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में अपराध के स्वरूप में पिछले कुछ महीनों में बड़ा बदलाव देखा गया है। झारखंड सीआईडी द्वारा जारी किए गए नवीनतम आंकड़े राज्य की कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर कई महत्वपूर्ण संकेत दे रहे हैं। रिपोर्ट में यह स्पष्ट रूप से सामने आया है कि राज्य के विभिन्न जिलों में हत्या, अपहरण और सड़क लूट जैसी गंभीर आपराधिक घटनाओं में इजाफा हुआ है। वहीं दूसरी ओर, डकैती, चोरी और वाहन चोरी के मामलों में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई है। इन आंकड़ों का अध्ययन सीआईडी ने पिछले वर्ष और 2025 के जुलाई-अगस्त महीनों के बीच दर्ज आपराधिक मामलों के तुलनात्मक विश्लेषण के बाद किया है। सीआईडी ने अपने रिपोर्ट में कहा है कि वर्ष 2025 के जुलाई और अगस्त महीने में हत्या और अपहरण के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आंकड़ों के अनुसार, इन दो महीनों में अपहरण, हत्या, सड़क लूट और रेप के मामलों में पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2024 के जुलाई-अगस्त की तुलना में 2025 में हिंसक अपराधों का ग्राफ ऊपर गया है। यह बात कानून व्यवस्था के लिए एक चुनौती के रूप में देखी जा रही है।

सीआईडी रिपोर्ट ने खोली अपराध की डायरी, कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर कई महत्वपूर्ण संकेत दे रहे नवीनतम आंकड़े

पिछले वर्ष व 2025 के जुलाई-अगस्त महीनों के बीच दर्ज आपराधिक मामलों के तुलनात्मक विश्लेषण का किया गया अध्ययन

- विभिन्न जिलों में हत्या, अपहरण और रोड डकैती जैसी गंभीर आपराधिक घटनाओं में हुआ इजाफा
- डकैती, वाहन चोरी के मामलों में दर्ज की गई थोड़ी गिरावट
- वर्ष 2024 की तुलना में 2025 में हिंसक अपराधों का बढ़ा ग्राफ
- दो महीनों के भीतर हत्या की घटनाओं में लगभग 9 प्रतिशत की वृद्धि
- जुलाई और अगस्त महीने में सड़क लूट के मामलों में 20 से 50 प्रतिशत तक की वृद्धि



इस साल अगस्त में हत्या के 121 मामले दर्ज

सीआईडी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2025 के अगस्त महीने में हत्या के कुल 121 मामले दर्ज किए गए, जबकि जुलाई महीने में यह संख्या 116 रही। इसके मुकाबले, वर्ष 2024 के जुलाई महीने में हत्या के 108 मामले दर्ज हुए थे। यानी दो महीनों के भीतर हत्या की घटनाओं में लगभग 9 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। सीआईडी द्वारा तैयार की गई इस विस्तृत रिपोर्ट को गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को भेजा गया है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस मुख्यालय जल्द ही इन आंकड़ों की विस्तृत समीक्षा करेगा। समीक्षा के दौरान उन जिलों की पहचान की जाएगी जहां हत्या और सड़क लूट जैसे मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

फिरौती के लिए अपहरण मामले में इस साल हुए 5 अधिक कांड

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि झारखंड में सड़क पर लूटपाट की घटनाओं में भी वृद्धि हुई है। सीआईडी के आंकड़ों के अनुसार, जुलाई और अगस्त महीने में सड़क लूट के मामलों में 20 से 50 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है। यह वृद्धि राज्य के बड़े शहरों के अलावा छोटे कस्बों और बाजार क्षेत्रों में भी देखी गई है। सीआईडी की रिपोर्ट में फिरौती के लिए किए जाने वाले अपहरण के मामलों में भी वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2024 के जुलाई और अगस्त महीने में जहां छह कांड सामने आए थे, वहीं 2025 में यह संख्या बढ़कर ग्यारह हो गई। यानी इस श्रेणी के अपराधों में क्रमशः 25 प्रतिशत, 38 प्रतिशत और 25 प्रतिशत तक की वृद्धि देखी गई है। सीआईडी के अनुसार, वर्ष 2025 के जुलाई और अगस्त महीनों में चोरी और वाहन चोरी के मामलों में गिरावट दर्ज की गई है। आंकड़े बताते हैं कि अगस्त 2025 में वाहन चोरी के कुल 392 केस दर्ज हुए, जबकि जुलाई में 393 केस दर्ज किए गए। पिछले वर्ष की तुलना में यह आंकड़ा कम है। गृह भेदन यानी चोरी के मामलों में भी इस वर्ष कमी आई है। अगस्त 2025 में चोरी के 145 कांड दर्ज हुए, वहीं जुलाई में 192 केस दर्ज किए गए। जबकि वर्ष 2024 के इन्हीं महीनों में लगभग 400 चोरी के मामले सामने आए थे। सीआईडी की रिपोर्ट यह भी बताती है कि डकैती के मामलों में भी गिरावट दर्ज की गई है। वर्ष 2025 के जुलाई और अगस्त महीने में डकैती के मामलों में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 21 प्रतिशत की कमी आई है। पिछले साल जहां डकैती की घटनाएं कई जिलों में लगातार बढ़ रही थीं, वहीं इस वर्ष पुलिस की सक्रियता और गश्त व्यवस्था ने इन पर काफी हद तक नियंत्रण पाया है।

अपराध नियंत्रण को लेकर नई रणनीति

पुलिस मुख्यालय के सूत्रों का कहना है कि अपराध नियंत्रण के लिए जल्द ही नई रणनीति लागू की जाएगी। इसके तहत संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाएगी, रात के समय गश्त और पेट्रोलिंग को सख्ती से लागू किया जाएगा, साथ ही मुखबिर तंत्र को भी और मजबूत किया जाएगा। रिपोर्ट यह भी इंगित करती है कि कई मामलों में पीड़ितों द्वारा समय पर सूचना न देने या प्राथमिकी दर्ज कराने में देरी के कारण अपराधियों को लाभ मिल जाता है। इसलिए सीआईडी ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी आपराधिक गतिविधि की जानकारी तुरंत स्थानीय पुलिस को दें।

BRIEF NEWS

भैरव सिंह को चुटिया केस में हाईकोर्ट से मिली बेल

RANCHI : हिंदूवादी नेता भैरव सिंह को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। गुरुवार को भैरव सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद उसे हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अम्बुज नाथ की कोर्ट ने बेल दे दी है। भैरव सिंह को 20-20 हजार के दो निजी मुचलके जमा करने की शर्त पर बेल मिली है। भैरव सिंह को जिस मामले में बेल मिली है, वह रांची के चुटिया थाना में हुए विवाद से जुड़ा है। इस संबंध में चुटिया थाना में कांड संख्या 125/2025 दर्ज की गई है। रांची सिविल कोर्ट ने 13 अगस्त को इस केस में भैरव सिंह को बेल देने से इनकार कर दिया था। जिसके बाद उसने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी।

अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल ने गवर्नर को सौंपा ज्ञापन

RANCHI : झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) सीजीएल परीक्षा पेपर लीक प्रकरण को लेकर राज्यभर के अभ्यर्थियों में रोष बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को अभ्यर्थियों का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से राजभवन में भेंट कर इस प्रकरण से संबंधित कई गंभीर मुद्दों पर विस्तृत ज्ञापन सौंपा। अभ्यर्थियों ने राज्यपाल से मुलाकात के दौरान पेपर लीक मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि इस मामले ने न केवल राज्य की भर्ती प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि हजारों युवाओं के भविष्य को भी प्रभावित किया है।

रीजनल हेल्थ कॉन्फ्रेंस में एनएचएम के मिशन डायरेक्टर शशि प्रकाश झा बोले-

डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल होंगे अपग्रेड आईसीयू-सीसीयू की फैसिलिटी

PHOTON NEWS RANCHI : राज्य के डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल्स में इलाज की सुविधा को अपग्रेड किया जा रहा है। आम जनता को गंभीर स्थिति में इंटेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू) और क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) के लिए अब मेडिकल कॉलेजों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। यह बातें गुरुवार को एनएचएम के मिशन डायरेक्टर शशि प्रकाश झा ने रीजनल हेल्थ कांफ्रेंस में कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्राइवेट अस्पतालों की तर्ज पर डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल्स को विकसित करने की योजना पर काम कर रही है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग ने गवर्नमेंट हॉस्पिटल्स के बेहतरी के लिए तैयार किए गए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) को साझा किया और इस दिशा में जल्द कार्यान्वयन की रूपरेखा पर भी चर्चा की। विशेष सचिव डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि इस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य झारखंड के सभी जिलों में आईसीयू व सीसीयू सेवाओं को प्रभावी और जवाबदेह बनाना है। अब जिला अस्पताल सिर्फ रेफरल सेंटर नहीं रहेंगे, बल्कि गंभीर मरीजों को स्थिर करने के साथ प्राथमिक उपचार देने में सक्षम बनेंगे।

रांची सदर अस्पताल के समान अन्य जिला अस्पतालों को किया जाएगा डेवलप

आईसीयू-सीसीयू हॉस्पिटल की जरूरत

कॉन्फ्रेंस में विशेषज्ञों ने बताया कि अब तक गंभीर मरीजों को आईसीयू और सीसीयू जैसी सुविधाओं के अभाव में मेडिकल कॉलेज या प्राइवेट अस्पतालों में रेफर किया जाता रहा है। इससे न केवल इलाज में देरी होती थी, बल्कि मरीजों और उनके परिवारों पर आर्थिक बोझ भी बढ़ता था। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने यह अहम निर्णय लिया है कि अब हर डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में आईसीयू और सीसीयू की सुविधा अनिवार्य रूप से विकसित की जाएगी। विभाग द्वारा तैयार एसओपी का मुख्य उद्देश्य है कि राज्य के सभी सरकारी हॉस्पिटल एक समान कुशलता और मानकों के साथ कार्य करें, ताकि मरीजों को हर जिले में समान स्तर की मेडिकल सर्विस मिल सके।

- गवर्नमेंट हॉस्पिटल्स के लिए विभाग ने तैयार किया एसओपी
- केवल आईसीयू और सीसीयू के लिए लोगों को मेडिकल कॉलेज की नहीं लगानी होगी दौड़

आधुनिक स्वास्थ्य उपकरणों की उपलब्धता

मिशन डायरेक्टर ने जोर देते हुए कहा कि अब सरकारी हॉस्पिटलों में इलाज केवल करना ही लक्ष्य नहीं होगा, बल्कि गुणवत्ता, त्वरित सेवा और आधुनिक स्वास्थ्य उपकरण भी उतने ही जरूरी होंगे। इसके लिए अस्पतालों में आईसीयू और सीसीयू यूनिट, ट्रेंड नर्सिंग स्टाफ, 247 इमरजेंसी सेवा, मॉडर्न लाइफ सपोर्ट सिस्टम, डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड सिस्टम जैसी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

रांची सदर हॉस्पिटल बना मॉडल

एनएचएम के मिशन डायरेक्टर शशि प्रकाश झा ने बताया कि सदर हॉस्पिटल रांची को मॉडल मानते हुए राज्य के सभी डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल को उसी तर्ज पर तैयार किया जाएगा। सदर में लागू की गई बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, डिजिटल रिकॉर्ड, ट्रीटमेंट प्रक्रिया और इमरजेंसी केयर को अब अन्य जिलों में भी अपनाया जाएगा। इससे मरीजों को बेहतर सुविधाएं अपने घरों के आसपास ही मिल जाएगी। साथ ही प्राइवेट हॉस्पिटलों में होने वाले खर्च से भी राहत मिलेगी। मिशन डायरेक्टर ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस योजना का क्रियान्वयन चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा। पहले चरण में उन जिलों के हॉस्पिटलों को प्राथमिकता दी जाएगी, जहां आबादी अधिक और मेडिकल कॉलेज की उपलब्धता कम है।

NEWS BOX

नैतिक शिक्षा और स्वास्थ्य पर दिया गया प्रशिक्षण

RANCHI : आनंद मार्ग महिला कल्याण विभाग रांची द्वारा श्रद्धानंद बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में यूथ कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 200 छात्राओं को ट्रांसफार्मिंग यूथ्स थ्रू सर्विस एंड स्प्रिचुअलिटी विषय पर सैद्धांतिक और व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य प्रशिक्षक महिला कल्याण विभाग की मनीला सेक्टर की सेक्टोरियल सेक्रेटरी अवधुतिका आनंद चित्तप्रभा आचार्या ने नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि केवल नैतिक शिक्षा से ही विश्व का कल्याण संभव है, जबकि अनैतिक व्यक्ति उच्च शिक्षा का दुरुपयोग करके समाज को संकट में डाल सकता है। सह प्रशिक्षक गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. करुणा शाहदेव ने स्वस्थ शरीर के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हमारी संस्कृति और सात्विक आहार से ही एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सकता है। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग रांची की रीजनल सेक्रेटरी अवधुतिका आनंद स्नेहमया आचार्या ने बच्चों को एक लघु नाट्य के माध्यम से यम-नियम की शिक्षा दी। कार्यक्रम में मृदुला दीदी, चेतना, अनुपमा और द्रुतिका ने सहयोग किया। धन्यवाद ज्ञापन स्कूल के प्राचार्य एके मिश्रा ने किया।

अरुणोदय बी और साई करुणा ने जीते मैच

RANCHI : साईं करुणा प्रीमियर लीग में गुरुवार को दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में अरुणोदय बी ने आरएसए को 4 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अरुणोदय ने 124 रन बनाए। जवाब में आरएसए 20 ओवर में 120 रन बना पाई । अरुणोदय बी के तरफ से किशन राज ने 54 रन बनाएं। वहीं दूसरे मैच में साइ करुणा ने क्रिकिंगडम को 9 विकेट से हराया। क्रिकिंगडम 19 ओवर में मात्र 97 रन ही बना सकी। साईं करुणा ने 9.3 ओवर में ही जीत हासिल कर ली। साईं करुणा के तरफ से कृपा सिंधु ने 62 रनों की पारी खेली। क्रिकिंगडम के तरफ से अमृत राज ने 19 के पारी खेली।

हेमंत सरकार के खिलाफ प्रदेश भाजपा जारी करेगी आरोप पत्र, सात सदस्यीय समिति गठित

RANCHI : हेमंत सरकार पार्ट 2 के एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश भाजपा राज्य सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी करेगी। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस संबंध में आरोप पत्र तैयार करने के लिए सात सदस्यीय आरोप पत्र समिति का गठन किया है। जिसमें झारखंड विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक विधायक नवीन जायसवाल,प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही,पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी,प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक,सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह,पूर्व सांसद एवं प्रवक्ता गीता कोड़ा तथा अंत्योदय के संपादक रविनाथ किशोर शामिल हैं। समिति की घोषणा करते हुए प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सांसद आदित्य साहू ने कहा कि जनता हेमंत सरकार की वादा खिलाफी, भ्रष्टाचार,ध्वस्त विधि व्यवस्था से त्रस्त है। प्रदेश भाजपा आरोप पत्र के माध्यम से हेमंत सरकार की नाकामियों को उजागर करेगी। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि हेमंत सरकार एक बार फिर किसान विरोधी फैसला लेने की तैयारी में है। धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दिए जाने वाले बोनस में कटौती की योजना बनाई जा रही है।

रसूखदारों के लिए जेल में अय्याशी की पूरी व्यवस्था करा रही सरकार : बाबूलाल मरांडी

RANCHI : नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने जेल में रसूखदार कैदियों की अय्याशी पर राज्य सरकार को निशाने पर लिया है। कहा कि वायरल वीडीओ कोई मयखाना या डांस बार का नहीं, रांची होटवार सेंट्रल जेल का है। जेल में रसूखदार कैदियों के लिए अलग नियम है। क्योंकि, जेल में बंद रसूखदार कैदियों को पैसे के बल पर सभी तरह की सुविधाएं मिलती हैं। जेल में रसूखदार कैदियों के लिए कई खास वार्ड बने हुए हैं, इन वार्डों में रहने के लिए एंट्री फीस देनी पड़ती है। प्रत्येक माह तय रकम खर्च करने पड़ते हैं। कुछ नामचीन कैदी जेल विभाग के पदाधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से जेल में ऐशो-अय्याशी की पूरी व्यवस्था चलाते हैं। पैसे लेकर हर तरह के वैसे काम किए जाते हैं, जो जेल मैनुअल का उल्लंघन करते हों। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इन गतिविधियों के बारे में सरकार को कई बार आगाह भी किया था, लेकिन जेल में गैर कानूनी काम बंद नहीं हुए, बल्कि वीआईपी कैदियों की विशेष मेहमाननवाजी से इनकार कर इन पर अंकुश लगाने की कोशिश करने वाले एक अधिकारी रॉबर्ट निशांत बेसरा का ही तबादला कर दिया गया था। वीडियो वायरल होने पर दो कर्मचारियों को निलंबित कर खानापूर्ति कर ली गई है।

झारखंड सरकार ने आत्मसमर्पण करने वाले 23 नक्सलियों को दी आर्थिक सहायता

RANCHI : झारखंड सरकार ने आत्मसमर्पण करने वाले 23 नक्सलियों और उग्रवादियों को राज्य की आत्मसमर्पण नीति के तहत आर्थिक सहायता राशि प्रदान की है। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की सचिव ने राशि आवंटन को लेकर आदेश दिया है। सरकार का यह कदम राज्य में नक्सलवाद को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सरकारी प्रयासों और आत्मसमर्पण नीति की सफलता के कारण झारखंड में नक्सलवाद की समस्या 95 प्रतिशत तक खत्म हो चुकी है। अब राज्य में केवल पांच जिले ही नक्सल प्रभावित रह गए हैं, जिनमें गिरिडीह, गुमला, लातेहार, लोहरदगा और पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं। पूरे देश के पांच राज्यों के 12 सबसे अधिक नक्सल प्रभावित जिलों की सूची में झारखंड का केवल एक जिला (पश्चिमी सिंहभूम) शामिल है।

ऑपरेशन 'नारकोस' के तहत आरपीएफ ने बरामद किया 4 किलो गांजा, केस दर्ज

PHOTON NEWS RANCHI : रांची रेल मंडल में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रेल सुरक्षा बल को बड़ी सफलता मिली है। कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन 'नारकोस' के दौरान मुरी रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने लगभग 4 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। बरामद मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब 40 हजार रुपये बताई जा रही है। घटना 5 नवंबर देर शाम की है। आरपीएफ की फ्लाइंग टीम और पीसी मुरी के प्रभारी संजीव कुमार के नेतृत्व में मुरी स्टेशन पर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर बोकारो दिशा की ओर पुराने गुड्स शेड के पास एक ब्लू रंग का पिट्ठू बैग लावारिस हालत में पाया गया। स्टेशन पर मौजूद यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों से पूछताछ की गई, लेकिन बैग का मालिक सामने नहीं आया। शक के आधार पर जब बैग की जांच की गई तो उसमें चार बड़े पैकेट मिले, जो भूरे रंग के प्लास्टिक में सील थे। गांजा होने की आशंका पर आरपीएफ ने तुरंत इसकी सूचना एएससी आरपीएफ रांची को दी। परीक्षण में पदार्थ के गांजा होने की आधिकारिक पुष्टि हुई। कानूनी कार्रवाई के बाद आरपीएफ टीम ने गांजे को जब्त किया और आगे की प्रक्रिया के लिए इसे जीआरपी मुरी को सौंप दिया। जीआरपी मुरी ने इस संबंध में एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं आरपीएफ ने यात्रियों से भी अपील कर रही है कि वे संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति दिखने पर तुरंत रेलवे हेल्पलाइन 139 पर सूचना दें।

महिला सुपरवाइजर पद को केवल इसी कैडर तक सीमित रखने पर फैसला सुरक्षित

PHOTON NEWS RANCHI : महिला सुपरवाइजरों की नियुक्ति मामले में आकांक्षा कुमारी सहित अन्य अभ्यर्थियों ने याचिका दायर याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में महाधिवक्ता राजीव रंजन, प्रार्थी एवं जेएसएससी की ओर से पक्ष रखा गया। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति आनंदा सेन की कोर्ट ने महिला सुपरवाइजरों का पद सिर्फ महिला कैडर के लिए हो सकता है या नहीं, इस पर फैसला सुरक्षित रखा है। कोर्ट ने नियुक्ति पर लगायी गयी रोक अगले आदेश तक के लिए बरकरार रखा है। इस पूर्व महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि महिला सुपरवाइजरों का पद सिर्फ महिला कैडर के लिए ही निकाली गई है। क्योंकि इस पद के लिए टारगेटेड ग्रुप (गर्भवती महिला, नवजात शिशु को जन्म देने वाली महिला आदि) ही हैं। महिला सुपरवाइजरों का कार्य महिलाओं से ही जुड़ा हुआ है, इसलिए यह पद सिर्फ महिला कैडर के लिए ही बनाया गया है। देश के अन्य राज्यों में भी इसी तरह की व्यवस्था है। वही प्रार्थी की ओर से कहा गया कि नियुक्ति में किसी वर्ग को शत- प्रतिशत आरक्षण नहीं दिया जा सकता है। इसमें सिर्फ महिलाओं से आवेदन मांगा गया है। जेएसएससी के अधिवक्ता संजय पिपरवाल और प्रिंस कुमार ने पक्ष रखा वहीं प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स एवं अन्य ने पक्ष रखा। दरअसल, जेएसएससी ने बाल कल्याण विभाग में महिला सुपरवाइजर के 421 पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया था।

सराहनीय काम बिना नाम, बिना परिजन, मुक्ति संस्था बनी हजारों आत्माओं की आखिरी पहचान

मानवता की मिसाल बनी 'मुक्ति', 2064 लावारिस शवों को दी अंतिम विदाई

PHOTON NEWS RANCHI : मौत के बाद दाह संस्कार एक परंपरा है, जो आम तौर पर परिजन निभाते हैं। लेकिन, जब किसी का कोई नहीं होता, तब समाज में कुछ ऐसे लोग हैं, जो बिना किसी रिश्ते-नाते के अनजान चेहरों को भी उसी श्रद्धा और विधि-विधान से अंतिम विदाई देते हैं। ऐसे लोग किसी देवदूत से कम नहीं। रांची की मुक्ति संस्था पिछले एक दशक से यही काम कर रही है। अबतक 2064 लावारिस शवों को 'मुक्ति' दिलाकर संस्था ने मानवता की मिसाल पेश की है। यह संवेदनशील पहल 2014 में रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के मॉर्चरी से शुरू हुई। हजारीबाग के खालिद भाई नामक व्यक्ति ने इस मुहिम की नींव रखी। वे हर छह महीने में लावारिस शवों का अंतिम संस्कार किया करते थे। एक दिन वे रांची आए और स्थानीय युवाओं से मिले। विचार मिला, दिल जुड़ा और फिर मुक्ति संस्था का गठन हुआ। पहली बार संस्था ने रिम्स के डार्क रूम में पड़े पांच लावारिस शवों का विधिवत संस्कार किया। किसी ने नहीं सोचा था कि यह कदम एक दिन इंसानियत का बड़ा उदाहरण बन जाएगा।

2014 में रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान के मॉर्चरी से की गई थी संवेदनशील पहल

हजारीबाग के खालिद भाई नामक व्यक्ति ने इस मुहिम की रखी थी नींव, अब बना बड़ा उदाहरण

नगर निगम और वन विभाग देते हैं सहयोग

आज रिम्स मोर्चरी की क्षमता 50 शवों की है। इनमें से जैसे ही 25 शव लावारिस घोषित होते हैं, मुक्ति संस्था आगे बढ़ती है। लकड़ी, सामग्री, और अन्य व्यवस्थाओं में करीब एक सप्ताह की तैयारी लगती है। रिम्स के कर्मचारी, नगर निगम और वन विभाग इस कार्य में सहयोग देते हैं। निगम ट्रैक्टर और फॉरेस्ट डिपार्टमेंट लकड़ी उपलब्ध कराता है। समाज के लोग भी वस्त्र, घी, या जो जरूरत हो, वह लेकर आते हैं। इस संस्था का कोई स्थाई सदस्य नहीं, कोई भी व्यक्ति इंसानियत के इस कार्य से जुड़ सकता है। यहां धर्म या जाति की दीवारें नहीं, बस मानवता है।



हर संस्कार में होता है श्रद्धा और अपनापन का भाव

अब तक 60 सामूहिक दाह संस्कार कार्यक्रम हो चुके हैं। संस्था ने 2064 लावारिस शवों का अंतिम संस्कार किया है। कई बार ऐसा भी हुआ कि दाह संस्कार के बाद परिजन पहुंच गए। संस्था के सदस्यों ने हर बार उन्हें ससम्मान स्वीकार किया है। इस कार्य में शामिल लोग कहते है, जब हम मुखाग्नि देते हैं, तो यह अहसास नहीं रहता कि यह लावारिस है। यह तो हमारे अपने समाज का हिस्सा है, बस किस्मत ने इनके साथ अन्याय किया। शुरूआती दिनों में यह काम बेहद कठिन था। न संसाधन, न पहचान। लेकिन धीरे-धीरे समाज ने इस संवेदनशील कार्य को समझा। अब जिला प्रशासन और पुलिस भी ऐसे मामलों में मुक्ति संस्था से समन्वय करती है। कई बार पुलिस ही शवों को रिम्स लाती है और संस्था को सूचना देती है। सरकार की मदद से अब लकड़ी, वाहन और आवश्यक सामग्री समय पर उपलब्ध हो जाती है। लेकिन संस्था के सदस्य प्रवीण लोहिया कहते हैं। यह सिर्फ सरकारी कार्य नहीं, यह इंसानियत का कार्य है। कोई भी व्यक्ति हमारे साथ जुड़ सकता है। इन सालों में मुक्ति सिर्फ एक संस्था नहीं रही, यह एक विचार बन गई है। कि हर आत्मा को सम्मान मिले, चाहे उसका कोई अपना हो या न हो। संस्था के एक सदस्य भावुक होकर कहते हैं, जब लपटें उठती हैं, हम आंखें बंद कर लेते है।

समाचार सार

टाटा स्टील का 'जोड़ा रन-ए-थॉन' 23 को

CHAIBASA : टाटा स्टील के ओएमक्यू डिवीजन द्वारा 23 नवंबर को 'जोड़ा रन-ए-थॉन' होगा। ओडिशा स्थित क्योंझर जिले के वैली टाउन जोड़ा में यह आयोजन सुबह 6 बजे सेंट्रल प्लेग्राउंड, जोड़ा से शुरू होगा। टाटा स्टील के अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि इसमें 3 प्रतिस्पर्धी दौड़ श्रेणियां शामिल हैं, जिसमें 10 हजार व 5 हजार रुपये सहित पुरस्कार के रूप में 5.67 लाख रुपये दिए जाएंगे। प्रत्येक धावक से एक-एक पौधा भी लगवाया जाएगा। ओएमक्यू के महाप्रबंधक अतुल कुमार भटनागर ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य समुदाय को एक साथ लाना, फिटनेस और पर्यावरण जागरूकता दोनों को बढ़ावा देना है। टाटा स्टील अपने परिचालन स्थानों जैसे जमशेदपुर, कोलकाता, नोवामुंडी और मेरामंडली में भी इस तरह का आयोजन करती है।

आधी नाली बनाकर लापता हो गया संवेदक

JAMSHEDPUR : मानगो के उलीडीह में गुरुदेव गार्डन के पास अधूरी नाली के निर्माण का दंश स्थानीय लोग झेल रहे हैं। नाली का निर्माण पूरा नहीं होने के कारण लोग बदबू और महामारी की आशंका में जी रहे हैं। इस मामले की जानकारी छात्रा मुस्कान कुमारी ने पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह को दी। वहां पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने विकास सिंह को बताया कि मानगो नगर निगम द्वारा नाली बनाने का कार्य आरंभ किया गया था, लेकिन जहां समस्या नहीं थी, वहां कुछ दूर तक नाली बनाने के बाद संवेदक लापता हो गया। इसकी खोजखबर लेने भी निगम के अधिकारी नहीं आए। नतीजतन पानी का निकास नहीं होने के कारण सड़क पर नाली का पानी बह रहा है। विकास सिंह ने जब संबंधित अधिकारी से बात की, तो स्पष्ट जवाब नहीं मिला। विकास सिंह ने कहा कि निगम जल्द नाली का निर्माण पूरा नहीं करेगा, तो स्थानीय लोग भिक्षाटन कर बना लेंगे। इस मौके पर मुस्कान कुमारी, साधना कुमारी,अंजलि, उषा देवी, शिवकुमार आर्य, रेशम देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

स्कूली छात्राओं को दी गई एचपीवी वैक्सीन

JAMSHEDPUR : रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट ने गुरुवार को उत्क्रमित विद्यालय, उलियान, कदमा की 26 छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन की अंतिम (दूसरी) डोज दी गई। ह्यूमन पेपिलोमा वायरस नामक यह वैक्सीन कैंसर सहित जननांगों के मस्सों को नियंत्रित करती है। रोटरी स्वस्थ सुरक्षा कवच परियोजना के अंतर्गत इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से सुरक्षित रखना है। इस दौरान क्लब की निदेशक (स्वास्थ्य) डॉ. सुजाता मित्रा भी उपस्थित थीं।

टाटा की युक्ताश्री एशिया कप ट्रायल्स में प्रथम

JAMSHEDPUR : टाटा आर्चरी एकेडमी की तीरंदाज के. युक्ताश्री ने एशिया कप स्टेज-3 चयन ट्रायल्स में प्रथम स्थान हासिल कर बड़ी उपलब्धि प्राप्त की है। टाटा स्टील ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इस प्रदर्शन के आधार पर उन्हें आगामी एशिया कप चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है, जो जेद्दा, सऊदी अरब में आयोजित की जाएगी। आंध्र प्रदेश की रहने वाली युक्ता ने 1 अक्टूबर 2024 को टाटा आर्चरी एकेडमी में दाखिला लिया था। एकेडमी के विशेषज्ञ कोचों के मार्गदर्शन में उन्होंने अपने खेल में उल्लेखनीय प्रगति दिखाई है। देशभर से 150 से अधिक महिला तीरंदाजों ने एशिया कप चयन ट्रायल्स में भाग लिया। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच युक्ता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान अर्जित किया। युक्ता श्री ने भारतीय तीरंदाजी संघ की ओर से आयोजित विभिन्न राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी शानदार प्रदर्शन किया है।

ब्रह्माकुमारीज का प्राकृतिक आहार कैंप शुरू

JAMSHEDPUR : मेरीन ड्राइव, सोनारी स्थित ब्रह्माकुमारीज यूनिवर्सल पीस पैलेस में गुरुवार को पांच दिवसीय नेचुरल डायट सिस्टम हेल्थ कैंप शुरू हो गया। इसमें प्रसिद्ध नेचुरोपैथी विशेषज्ञ भाई जिग्नेश ने प्राकृतिक भोजन की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खाली पेट रहना शरीर की सफाई का सबसे बड़ा उपाय है और सूर्य में पके प्राकृतिक भोजन से ही असली ऊर्जा मिलती है। प्रतिभागियों को आज ग्रीन जूस, स्वादिष्ट सलाद, हरी चटनी, और फ्रूट कस्टर्ड परोसे गए। इसके साथ ही, शरीर से विषैले तत्व निकालने के लिए एनिमा को आवश्यक बताया गया। यह शिविर 10 अक्टूबर तक सुबह 8 से शाम 6 बजे तक चलेगा।

मानगो में उग्र सांड ने दूसरे दिन ले ली महिला की जान

बेहोशी का इंजेक्शन देकर काबू में किया गया मवेशी, डर से मिली राहत

PHOTON NEWS JSR : मानगो के संकोसाई में दो दिन से उत्पात मचा रहे सांड ने बुधवार को एक बुजुर्ग को गंभीर रूप से घायल कर दिया था, तो दूसरे दिन गुरुवार को उसने एक महिला की जान ले ली। स्थानीय लोगों ने बताया कि बुधवार को सांड ने 15 से अधिक लोगों को हमला करके घायल कर दिया था। गुरुवार की घटना डिमना रोड स्थित सुभाष कॉलोनी में हुई, जहां उसने 61 वर्षीय माला सरकार पर इस कदर हमला किया कि महिला की मौत हो गई।

स्थानीय लोगों के अनुसार, बुधवार की शाम को भी टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क की टीम ने सांड को ट्रैंक्यूलाइज करके बेहोश किया था। लेकिन, अंधेरा होने के कारण टीम उसे सुरक्षित स्थान पर नहीं ले जा सकी। रात भर सांड बेहोशी की अवस्था में संकोसाई में ही पड़ा रहा। गुरुवार को सुबह में होश आने पर वह फिर हिंसक हो गया और दौड़ते हुए गौड़ बस्ती की ओर चला गया। उसी दौरान उसने सड़क किनारे खड़ी महिला पर हमला कर पटक दिया। घायल महिला को तुरंत टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

माला सरकार की फाइल फोटो

इसके लिए स्थानीय निवासी नगर निगम और प्रशासन को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि बुधवार रात में ही सांड को नियंत्रित कर यहां से अन्यत्र ले जाया जाया होता, तो यह घटना नहीं होती।

कई लोगों का एमजीएम में चल रहा इलाज, एक टीएमएच में भर्ती जानकारी के अनुसार बुधवार को सांड ने कई लोगों को घायल कर दिया था, जिसमें अधिकतर लोग एमजीएम अस्पताल में इलाजरत हैं, जबकि एक व्यक्ति टीएमएच में भर्ती है।

वहीं, गुरुवार को इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और टाटा जू की टीम फिर मौके पर पहुंची। टीम ने सांड को दोबारा ट्रैंक्यूलाइज कर पकड़ा और उसे जू अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उसका इलाज किया जा रहा है।

मर्चेंट नेवी अधिकारी के घर से 60 लाख के गहने और नकद की चोरी

JAMSHEDPUR : बिरसानगर थाना क्षेत्र के प्रतिष्ठित आवासीय परिसर विजया गार्डन में लैवेंडर-24 टॉवर के फ्लैट नंबर 83 में रहने वाले मर्चेंट नेवी अधिकारी ज्योति सिंह और उनकी पत्नी निधि सिंह, जो टेल्को वैलीव्यू स्कूल में शिक्षिका हैं उनके घर से चोरों ने लाखों रुपये मूल्य के गहने और नगद की चोरी कर ली। घटना गुरुवार की सुबह की है। निधि सिंह रोजाना की तरह सुबह में बच्चों को लेकर स्कूल गई थीं। दोपहर में लौटने पर उन्होंने देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है और घर के सभी कमरे अस्त-व्यस्त पड़े हैं। जब उन्होंने बेडरूम की अलमारी देखी तो उसमें रखे करीब 60 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण और 10 हजार रुपये नकद गायब थे। घटना की सूचना मिलते ही बिरसानगर थाना प्रभारी संतोष कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से पूछताछ की। पुलिस ने फ्लैट परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है ताकि चोरों की पहचान की जा सके। जांच में यह भी सामने आया कि उसी बिल्डिंग के एक अन्य फ्लैट का ताला भी तोड़ा गया था, लेकिन वहां चोरी नहीं हो पाई। घटना के बाद पूरे आवासीय परिसर में भय और आक्रोश का माहौल है। निवासियों ने कहा कि विजया गार्डन में करोड़ों रुपये कीमत के फ्लैट तो बेचे जाते हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह लचर है। गेट नंबर 2 पर सुरक्षा गार्ड हमेशा मौजूद रहते हैं, फिर भी आठवीं मंजिल तक चोरों का पहुंच जाना गंभीर सवाल खड़े करता है।

शराब दुकान की छत काटकर कैश और महंगी बोतलें ले उड़े चोर

CHAIBASA : जिला के चक्रधरपुर शहीद भगत सिंह चौक स्थित विदेशी शराब दुकान में बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान की छत काटकर अंदर प्रवेश किया और नकदी के साथ-साथ लाखों रुपये की विदेशी शराब की बोतलें लेकर फरार हो गए। घटना का खुलासा गुरुवार की सुबह तब हुआ जब दुकान के कर्मचारी ने दुकान खोली। चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के राँचीझचाईबासा मुख्य मार्ग (एनएच-75ई) पर स्थित उक्त दुकान में देर रात सेंधमारी की गई। चोरों ने बड़ी चालाकी से दुकान की छत के टिन शीट को काटकर भीतर प्रवेश किया और पहले कैश काउंटर को निशाना बनाया। उसके बाद उन्होंने शराब की महंगी बोतलें समेटी और रात के अंधेरे में फरार हो गए। सुबह जब सेल्समैन दुकान पर पहुंचा, तो अंदर का दृश्य देखकर उसके होश उड़ गए। पूरी दुकान अस्त-व्यस्त थी, सामान बिखरा पड़ा था और नकदी गायब थी। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि दुकान की छत में बड़ा छेद कर चोरी की गई थी। घटना की सूचना मिलते ही चक्रधरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है, हालांकि दुकान के बाहर लगा कैमरा खराब बताया जा रहा है, जिससे जांच में दिक्कतें आ रही हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि चोरी की वारदात पूरी योजना बनाकर की गई है। फिलहाल अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उनकी तलाश तेज कर दी गई है।

बड़ाजामदा डकैती कांड का हुआ पर्दाफाश मास्टरमाइंड सहित 5 अपराधी गिरफ्तार

जमशेदपुर के बागबेड़ा निवासी संजीव मिश्रा ने बनाई थी पूरी योजना

PHOTON NEWS CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम के बड़ाजामदा थाना की पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। 14 अक्टूबर को गुवा (बड़ाजामदा ओपी) थाना क्षेत्र के बड़ाजामदा में व्यवसायी अनिल चौरसिया के घर हुई डकैती का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। इस कांड के मास्टरमाइंड संजीव मिश्रा सहित पांच पेशेवर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में बड़ाजामदा के ओपी प्रभारी बालेश्वर उरांव ने बताया कि 14 अक्टूबर को रात लगभग 12 बजे अपराधियों ने बड़ाजामदा फुटबॉल मैदान के पास स्थित अनिल चौरसिया के घर में पिस्टल दिखाकर डकैती की थी। अपराधी घर से लगभग 2.5 लाख रुपये नकद, सोने की चेन और सोने की ब्रेसलेट लूटकर फरार हो गए थे। इसके बाद एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ अजय केरकेट्टा के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया था। टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी अनुसंधान और मानवीय सूचना के आधार पर पेशेवर तरीके से कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल पांचों अपराधियों को विभिन्न जगहों से गिरफ्तार कर लिया। इनसे लूटे गए रुपये, गहने व वाहन भी बरामद किए गए हैं।

पत्रकारों को जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

डकैती कांड का मास्टरमाइंड संजीव मिश्रा (44) जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, संजीव मिश्रा ने ही गैंग बनाकर रेकी की और घटना को अंजाम दिया। संजीव मिश्रा पर पहले से जमशेदपुर के विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं।

उपेक्षा से नाराज हुए केयू के संविदा शिक्षक

JAMSHEDPUR : झारखंड राज्य विश्वविद्यालय संविदा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार पांडेय ने गुरुवार को कहा कि कोल्हान विश्वविद्यालय द्वारा आवश्यकता आधारित शिक्षकों को नजरअंदाज किया जा रहा है, जो कहीं से उचित नहीं है। पांडेय ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस निमित्त अनेक समितियां बनाई गई हैं, लेकिन किसी भी समिति में आवश्यकता आधारित शिक्षकों को नहीं रखा गया है। यह इस बात का संकेत है कि विश्वविद्यालय प्रशासन, आवश्यकता आधारित शिक्षकों को विश्वविद्यालय परिवार का अंग नहीं मानता है। विश्वविद्यालय में आवश्यकता आधारित शिक्षकों की संख्या लगभग 140 है, जो कुल शिक्षकों में 35 प्रतिशत है। विश्वविद्यालय के सभी कार्यों में जब ये शिक्षक शामिल रहते हैं, तो दीक्षांत समारोह की किसी भी समिति में शामिल न करना इन शिक्षकों का अपमान है। राकेश पांडेय ने कहा कि अभी भी समय है, विश्वविद्यालय अपनी भूल को सुधारते हुए सभी समितियों में एक-एक प्रतिनिधि आवश्यकता आधारित शिक्षकों को भी दे।

सारंडा में हुई जबरदस्त मुठभेड़ हथियार छोड़ भागे नक्सली

- गुरुवार की शाम 4 बजे ओडिशा सीमा पर जराईकेला थाना क्षेत्र में हुई फायरिंग

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में गुरुवार शाम को पुलिस और नक्सलियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई। यह घटना ओडिशा सीमा पर जराइकेला थाना क्षेत्र में शाम करीब चार बजे हुई है। जानकारी के मुताबिक, सुरक्षाबल नक्सल विरोधी अभियान पर निकले थे, इसी दौरान घात लगाए नक्सलियों के दस्ते से उनका सामना हो गया। सुरक्षाबलों को देखते ही नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी मोर्चा संभालते हुए जोरदार फायरिंग की। दोनों ओर से कुछ देर तक गोलीबारी चलती रही। बताया जा रहा है कि इस मुठभेड़ में कुछ नक्सलियों के हताहत होने की भी खबर है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई के बाद नक्सली घने जंगल और पहाड़ी इलाकों का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। मुठभेड़ स्थल से पुलिस ने दो एसएलआर राइफल और एक .303 राइफल बरामद किए हैं। इस संबंध में कोल्हान के डीआईजी ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि इलाके में सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है और क्षेत्र को पूरी तरह से घेर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि अभियान के तहत नक्सलियों के ठिकानों की तलाश जारी रहेगी। सूत्रों के अनुसार, एक नक्सली के मारे जाने की भी खबर है, लेकिन इसकी अधिकारी पुष्टि नहीं हुई है।

बंगाल से झारखंड में भी घुस रहे रोहिंग्या : शुभेंदु अधिकारी

GHATSILA : घाटशिला विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा ने भी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में गुरुवार को पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी पहुंचे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के समर्थन में सर्कस मैदान दाहीगोड़ा में जनसभा को संबोधित किया। अधिकारी ने कहा कि बंगाल में बढ़ती रोहिंग्या मुसलमानों की अवैध घुसपैठ न केवल प्रदेश, बल्कि पड़ोसी राज्यों के लिए भी खतरा बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि घुसपैठिए अब झारखंड की ओर भी बढ़ रहे हैं, जो यहां की जनसंख्या को प्रभावित कर रही है। अधिकारी ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में अवैध घुसपैठ के कारण फर्जी मतदाता तैयार किया गया है। बिहार में एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के जरिए ऐसे फर्जी नामों को हटाने की प्रक्रिया चलाई गई, मगर बंगाल में इस दिशा में गंभीर प्रयास नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो इसका प्रभाव आगामी चुनावों, सामाजिक व्यवस्था और सुरक्षा पर प्रतिकूल पड़ सकता है। स्थानीय लोगों से अपील करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि क्षेत्र की संस्कृति, सुरक्षा और पहचान बनाए रखने के लिए लोगों को जागरूक होकर सही निर्णय लेना चाहिए।

जनसभा को संबोधित करते शुभेंदु

डिजिटल साक्षरता से आत्मनिर्भर बनें छात्र : डॉ. एके झा

टाटा स्टील की ओर से एलबीएसएम कॉलेज में हुआ कार्यक्रम, दी गई कई जानकारियां

PHOTON NEWS JSR : टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा शिक्षा, कौशल विकास और डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देने की दिशा में गुरुवार को करनडीह स्थित एलबीएसएम कॉलेज में एक दिवसीय डिजिटल साक्षरता कार्यशाला की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार झा ने कहा कि डिजिटल युग में जहां सूचना की तीव्रता बढ़ी है, वहीं सत्य और असत्य के बीच भेद करना एक चुनौती बन गया है। भारतीय मिथक केवल कहानियां नहीं हैं, वे हमारे नैतिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक मूल्यों के गहरे स्रोत हैं। जिस प्रकार प्राचीन युग में ऋषि-मुनियों ने ज्ञान के प्रसार के लिए कथा और संवाद को माध्यम बनाया, उसी प्रकार आज के युग में डिजिटल तकनीक ज्ञान-विनिमय का सशक्त साधन बन चुकी है। आवश्यकता है कि हम इस तकनीक का उपयोग विवेक, सत्यता और जिम्मेदारी के साथ करें। महाविद्यालय सदैव अपने विद्यार्थियों और समाज के समग्र विकास के लिए तत्पर रहा है। टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह डिजिटल साक्षरता पहल न केवल हमारे छात्रों के लिए बल्कि समुदाय के हर व्यक्ति के लिए एक सशक्त कदम है।

छात्रों को संबोधित करते डॉ. एके झा

आज के युग में डिजिटल ज्ञान, आत्मनिर्भरता और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार अत्यंत आवश्यक हैं। हम आशा करते हैं कि इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों को तकनीकों को समझने में ज्यादा लाभ मिला होगा।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अमर सिंह ने कहा कि डिजिटल युग में ज्ञान के स्रोत अनेक हैं, परंतु सत्य और असत्य के बीच अंतर समझने की क्षमता ही वास्तविक डिजिटल साक्षरता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि युवा वर्ग तकनीक का उपयोग सजगता, संयम और जिम्मेदारी के साथ करे। डिजिटल माध्यमों को सकारात्मक दिशा में प्रयोग कर हम समाज में रचनात्मक परिवर्तन ला सकते हैं।

टाटा स्टील फाउंडेशन से आए अमिताभ सुमन ने आधार, मतदाता पहचान पत्र और पैन कार्ड तक पहुंच एवं उन्हें अपडेट करने की प्रक्रिया बताई, तो इसके साथ ही सुरक्षित दस्तावेज भंडारण के लिए डिजी लॉकर का उपयोग, मोबाइल सुरक्षा और साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम के उपाय भी बताए। मंच संचालन चंदन जायसवाल, स्वागत भाषण लुशी रानी मिश्रा, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रीति पांडे ने किया।

कार्यशाला में डॉ. विजय प्रकाश, डॉ. संचिता भुईं सेन, डॉ. प्रशांत, पूजा गुप्ता, प्रीति गुप्ता, अजय दीप, ज्योति परवा, शिप्रा बोयपाई, सुमित्रा सिंकु, लेदन हांसदा, विनय कुमार भी उपस्थित रहे।

सेमिनार इंटरनेशनल कांग्रेस में कई देशों के धातु विशेषज्ञ ले रहे हिस्सा, शोधपत्र भी किए जाएंगे प्रस्तुत

एनएमएल में शुरू हुआ क्रिटिकल मेटल्स पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

PHOTON NEWS JSR : बर्मामाइंस स्थित सीएसआईआर-एनएमएल में गुरुवार को तीन दिवसीय क्रिटिकल मेटल्स कांग्रेस (क्रिटमेट-2025) शुरू हो गया। सम्मेलन का उद्घाटन लेखन ठक्कर (संयुक्त सचिव, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय, भारत सरकार) ने किया। उद्घाटन सत्र में डॉ. के. आनंद राव (अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड) तथा प्रो. सरमा वी. पिसुपाती (निदेशक, सी2एम, पेन स्टेट यूनिवर्सिटी, अमेरिका) भी उपस्थित थे।

उद्घाटन संबोधन में लेखन ठक्कर ने राष्ट्र के आर्थिक व औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण धातुओं (क्रिटिकल मेटल्स) की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन समयानुकूल है, क्योंकि महत्वपूर्ण धातुएं आज भू-राजनीतिक परिदृश्यों को भी प्रभावित करती हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वर्तमान समय में अंतरराष्ट्रीय सहयोग विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है और टिकाऊ आपूर्ति श्रृंखलाएं स्थापित करने के लिए साझेदारियों में विविधता आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार के विभिन्न निकायों, विशेषकर एएनआरएफ के अंतर्गत, महत्वपूर्ण धातुओं के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि ● फोटोन न्यूज

आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में क्रिटिकल मेटल्स महत्वपूर्ण : निदेशक

सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी ने स्वागत संबोधन में महत्वपूर्ण खनिजों में प्रौद्योगिकीय संप्रभुता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य में रक्षा, एयरोस्पेस, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण खनिजों के संदर्भ में सीएसआईआर और विशेषकर सीएसआईआर-एनएमएल की रणनीतिक भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

डॉ. के. आनंद राव ने भी सतत एवं स्थायी स्रोत विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण खनिजों में अनुसंधान की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि यूसीआईएल इस क्षेत्र में, विशेषकर निष्कर्षण (एक्सट्रैक्शन) के क्षेत्र में सहयोग के लिए तत्पर है।

प्रो. पिसुपाती ने अपने अभिभाषण में महत्वपूर्ण खनिजों के अनुसंधान में रचनात्मकता, सहयोग और उत्कृष्टता के प्रति दृढ़ विश्वास को समय की मांग बताया और कहा कि स्वदेशी नवाचार तकनीकों को बाजार तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है।

आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार ने कहा कि 275 से अधिक प्रतिभागियों के साथ आयोजित क्रिटमेट-2025 महत्वपूर्ण धातुओं से जुड़े तकनीकी, नीतिगत और आपूर्ति श्रृंखला संबंधित मुद्दों पर विशेषज्ञों को एक साझा मंच प्रदान करता है। इस अवसर पर सम्मेलन की स्मारिका एवं शोध संकलन का भी विमोचन किया गया।

सत्र का समापन सम्मेलन के संयोजक डॉ. अभिलाष ने धन्यवाद ज्ञापन से किया। कार्यक्रम के दौरान वैश्विक विशेषज्ञ महत्वपूर्ण खनिजों पर विचार-विमर्श करेंगे। सम्मेलन में उद्योगों एवं अनुसंधान संस्थानों द्वारा नवीनतम तकनीकों की प्रदर्शनी तथा महत्वपूर्ण खनिजों पर आधारित अनुसंधान पोस्टर सत्र भी शामिल है।

सिंहभूम चैंबर ने व्यापारियों को उपलब्ध कराए सिक्के

बिष्टुपुर स्थित चैंबर भवन में बैंक प्रबंधक व चैंबर के पदाधिकारी

JAMSHEDPUR : बाजार में आए दिन हो रही नकद लेन-देन की कठिनाइयों और छोटे मूल्य के सिक्कों की कमी को देखते हुए सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने गुरुवार को बिष्टुपुर स्थित चैंबर भवन में क्वाइन डिस्ट्रीब्यूशन कैंप लगाया। इसमें व्यापारियों एवं सदस्यों को सिक्के उपलब्ध कराए। इस दौरान बतौर अतिथि केनरा बैंक के प्रबंधक प्रदीप कुमार ने कहा कि छोटे मूल्यवर्ग के सिक्कों की उपलब्धता व्यापारिक लेन-देन में पारदर्शिता और सुविधा सुनिश्चित करती है। उन्होंने चेंबर के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे व्यापारिक समुदाय के लिए उपयोगी कदम बताया।

कार्यक्रम में चैंबर के अध्यक्ष मानव केडिया, महासचिव पुनीत कांवटिया, उपाध्यक्ष (ट्रेड एंड कॉमर्स) अनिल मोदी, सचिव (ट्रेड एंड कॉमर्स) भरत मकानी के अलावा विनोद शर्मा, कोषाध्यक्ष अनिल रिंगासिया, कार्यसमिति सदस्य मनोज गोयल व अमित संघी भी उपस्थित थे।

सर्दियों में आपकी सेहत

इन सर्दियों में यदि आप अपनी सेहत बनाने की सोच रहे हैं तो सबसे पहले पेट साफ करने की जरूरत है। पेट में कब्ज रहेगा तो कितने ही पौष्टिक पदार्थों का सेवन करें, लाभ नहीं होगा। भोजन समय पर तथा चबा-चबाकर खाना चाहिए, ताकि पाचन शक्ति ठीक बनी रहे, फिर पौष्टिक आहार या औषधि का सेवन करना चाहिए। आचार्य चरक ने कहा है कि पुरुष के शरीर में वीर्य तथा स्त्री के शरीर में ओज होना चाहिए, तभी चेहरे पर चमक व कांति नजर आती है और शरीर पुष्ट दिखता है। हम यहाँ कुछ ऐसे पौष्टिक पदार्थों की जानकारी दे रहे हैं, जिन्हें किशोरावस्था से लेकर युवावस्था तक के लोग सेवन कर लाभ उठा सकते हैं और बलवान बन सकते हैं-

- सोते समय एक गिलास मीठे गुनगुने गर्म दूध में एक चम्मच शुद्ध घी डालकर पीना चाहिए।
- दूध की मलाई तथा पिसी मिश्री जरूरत के अनुसार मिलाकर खाना चाहिए, यह अत्यंत शक्तिवर्द्धक है।
- एक बादाम को पत्थर पर घिसकर दूध में मिलाकर पीना चाहिए, इससे अपार बल मिलता है। बादाम को घिसकर ही उपयोग में लें।
- छाछ से निकाला गया ताजा माखन तथा मिश्री मिलाकर खाना चाहिए, ऊपर से पानी बिलकुल न पिएँ।
- 50 ग्राम उड़द की दाल आधा लीटर दूध में पकाकर खीर बनाकर खाने से अपार बल प्राप्त होता है। यह खीर पूरे शरीर को पुष्ट करती है।
- प्रातः एक पाव दूध तथा दो-तीन केले साथ में खाने से बल मिलता है, कांति बढ़ती है।
- एक चम्मच असगंध चूर्ण तथा एक चम्मच मिश्री मिलाकर गुनगुने एक पाव दूर के साथ प्रातः व रात को सेवन करें, रात को सेवन के बाद कुल्ला कर सो जाएँ। 40 दिन में परिवर्तन नजर आने लगेगा।
- सफेद मूसली या धोली मूसली का पावडर, जो स्वयं कूटकर बनाया हो, एक चम्मच तथा पिसी मिश्री एक चम्मच लेकर सुबह व रात को सोने से पहले गुनगुने एक पाव दूध के साथ लें। यह अत्यंत शक्तिवर्धक है।
- सुबह-शाम भोजन के बाद सेवफल, अनार, केले या जो भी मौसमी फल हों, खाएँ।
- सुबह एक पाव ठंडे दूध में एक बड़ा चम्मच शहद मिलाकर पीने से खून साफ होता है, शरीर में खून की वृद्धि होती है।
- प्याज का रस 2 चम्मच, शहद 1 चम्मच, घी चौथाई चम्मच मिलाकर सेवन करें और स्वयं शक्ति का चमत्कार देखें। यह नुस्खा यौन शक्ति बढ़ाने में अचूक है। ऊपर वर्णित नुस्खे स्त्री-पुरुष दोनों के लिए समान हैं। इन्हें अनुकूल मात्रा में उचित विधि से सुबह-रात को सेवन करना चाहिए।
- भोजन में घी, दूध, चावल, उड़द, नारियल, मलाई, मक्खन, शहद, मौसमी फल, हलवा, हरी साग-भाजी, टमाटर, गाजर, आँवला आदि का सेवन करना चाहिए।
- सर्दियों में बादाम का हलवा, दूध में पकाया हुआ छुहारा, मीठा अनार, प्याज का रस, नारियल की गिरी और दूध की खीर, उड़द दाल का लड्डू, गन्ना रस, सौंठ और काली मिर्च तथा मैथी का लड्डू बहुत फायदेमंद है। योग्य वैद्य की सलाह अवश्य लेनी चाहिए, ताकि अपने शरीर के अनुकूल पथ्य-अपथ्य का चयन किया जा सके।
- चिकनाईयुक्त, मधुर, लवण और अम्ल रस वाले पदार्थ का सेवन करके अपना स्वास्थ्य बनाए रखें। बासी, दुर्गंधयुक्त, अधिक चटपटे मसालेदार खानपान से बचना ही श्रेयस्कर है।
- ठीक समय पर, चबा-चबाकर प्रसन्नतापूर्वक भोजन करना चाहिए। भोजन के पूर्व नीबू पानी और भोजन के पश्चात छाछ पीना लाभदायक होता है।
- इस ऋतु में रूखे, कटु-तिक्त-कषाय, अति शीतल और वात प्रधान भोज्य पदार्थ न खाएँ । अन्यथा जोड़ों के दर्द, गठिया और सायटिका से पीड़ित हो सकते हैं। इसी प्रकार अधिक खटाई से भी बचें, ताकि खाँसी-सर्दी, जुकाम, नजला आदि से बचाव हो सके। नीबू और ताजा दही वर्जित नहीं है।
- शीतऋतु में अधिक देर तक भूखे न रहें, क्योंकि जठराग्नि की प्रबलता के कारण यथासमय भोजन नहीं करने से यह अग्नि शरीर की धातुओं को जला डालती है, जिससे जीवन-शक्ति का क्षय होता है।
- सेहत बनाने के लिए प्रतिदिन स्नान भी जरूरी है। कुछ लोग ठंड के डर से कई दिन तक नहाते नहीं, यह उचित नहीं। पानी कुनकुना कर लेना चाहिए। अत्यधिक ठंडा और अधिक गर्म पानी नुकसान पहुँचाता है।
- मल-मूत्र विसर्जन में आलस्य नहीं करना चाहिए। रात को सिर ढँककर सोना भी उचित नहीं होता।

स्वस्थ रहने के आसान उपाय

सुबह जल्दी उठो और 4- 6 किलोमीटर रोज टहलो। संभव हो तो शाम को भी थोड़ा टहलो। टहलते समय नाक से लम्बी- लम्बी सांसें लो तथा यह भावना करो कि टहलने से 2. टहलते समय नाक से लम्बी- लम्बी सांसें लो तथा यह भावना करो कि टहलने से आप अपने स्वास्थ्य को संवार रहे हैं।

टहलने के अलावा, दौडऩा, साइकिल चलाना, घुड़सवारी, तैरना या कोई भी खेलकूद, व्यायाम के अच्छे उपाय हैं। स्त्रियां चक्की पीसना,,रस्सीकूदना, पानी भरना, झाड़ू- पोछा लगाना आदि घर के कामों में भी अच्छा व्यायाम कर सकती हैं। रोज थोड़े समय छोटे बच्चों के साथ खेलना, 10- 15 मिनट खुलकर हंसना भी अच्छे व्यायाम के अंग हैं।

प्रातः टहलने के बाद भूख अच्छी लगती है। इस समय पौष्टिक पदार्थों का सेवन करें। अंकुरित अन्न, भीगी मूंगफली, आंवला या इससे बना कोई पदार्थ, संतरा या मौसम्मी का रस अच्छे नाश्ता का अंग होते हैं। भोजन सादा करो एवं उसे प्रसाद रूप में ग्रहण करो, शांत, प्रसन्न और निश्चिन्तता पूर्वक करो और उसे अच्छी तरह चबाचबा कर खाओ। खाते समय न बात करो और न हंसो। एकाग्र चित्त होकर भोजन करना चाहिए। भूख से कम खाओ अथवा आधा पेट खाओ, चौथाई पानी के लिए एवं चौथाई पेट हवा के लिए खाली छोड़ो।

भोजन में रोज अंकुरित अन्न अवश्य शामिल करो। अंकुरित अन्न में पौष्टिकता एवं खनिज लवण गुणात्मक मात्रा में बढ़ जाते हैं। इनमें मूंग सर्वोत्तम है। चना, अंकुरित या भीगी मूंगफली इसमें थोड़ी मेथी दाना एवं चुटकी भर- अजवायन मिला लें तो यह कई रोगों का प्रतिरोधक एवं प्रभावी ईलाज है।

मौसम की ताजा हरी सब्जी और ताजे फल खूब खाओ। जितना हो सके कच्चे खाओ अन्यथा आधी उबली/ उबली तथा कम मिर्च- मसाले, खटाई की सब्जियां खाओ। एक ग्रास रोटी के साथ चार ग्रास सब्जी के अनुपात का प्रयास रखो।

आटा चोकर समेत खाओ, सम्भव हो तो हाथ का पिसा हुआ खाओ। जौ, गेहूं, चना, सोयाबीन का मिस्सी रोटी का आटा सुपाच्य एवं पौष्टिक होता है। पौष्टिकता की दृष्टि से रोटी में हरी सब्जी, पालक, मेथी, बथुआ आदि पत्तीदार सब्जी मिलाकर बनायें / खायें। दलिया / खिचड़ी में भी पत्तीदार एवं हरी सब्जियाँ मिलाकर पौष्टिकता बढ़ाई जा सकती है। सब्जियों के सूप का नित्य सेवन पौष्टिक एवं हलके भोजन का अच्छा अंग हो सकता है। भोजन के साथ पानी कम से कम पियो। दोपहर के भोजन के घंटे भर बाद पानी पियें । भोजन यदि कड़ा और रूखा हो तो 2- 4 घूंट पानी अवश्य पियें।

प्रातः उठते ही खूब पानी पियो। दोपहर भोजन के थोड़ी देर बाद छाछ और रात को सोने के पहले उष्ण दूध अमृत समान है। दिन में कम से कम दो-तीन लीटर पानी अवश्य पियो। धूम्रपान, मादक पेय- पदार्थ (जरदा, गुटखा, सॉफ्ट ड्रिंक जैसे कोकाकोला, पेप्सी इत्यादि एवं शराब आदि) सर्वथा छोड़ दो। चाय- कॉफी आदि के स्थान पर सादा ठंडा या गुनगुना पानी, नींबू पानी, छाछ, गाजर, पालक चुकन्दर, लौकी, टमाटर इत्यादि सब्जियों का एव मौसम्मी या संतरा, पपीता इत्यादि फलों के रस का उपयोग लाभकारी होता है। डाइबीटीज (शक्कर) के रोगी को शक्कर या उससे बने पदार्थों से पूर्ण परहेज करना चाहिए। फलों में अधिक मीठे फल का सेवन कम करें। फल के रस के बजाय फल खायें। मेथी दाना और करेला मधुमेह रोग की राम बाण दवा है। मैथी दाना रोज 18/24 घंटे पानी में, जहां तक संभव हो सके मिट्टी के बर्तन में भिगोयें। दूसरे दिन सुबह नाश्ते के पहले या बाद में दानामेथी का पानी पी लें। दानामेथी अंकुरित कर सलाद में या नमक, नींबू लगाकर भी खा सकते हैं।

एरोबिक्स यानी डांस, फन, रिदम और हेल्थ

स्वस्थ और सुंदर दिखने के नुस्खे दादी मां के पिटारे से लेकर आधुनिक साजो-सामान में बिखरे पड़े हैं। प्रत्येक समय, काल में सुंदरता का पैमाना भी परि?वर्तित हुआ है। जहाँ प्राचीन समय में गहनों से लकदक, लहराती केश राशि से सुसज्जित, सजीली-लजीली सुंदरियों का वर्चस्व था तो आज टाईट जींसधारी, लंबी, दुबली, छरहरी काया सुंदरता के मानदंड में शामिल है। प्रत्येक स्त्री अपनी सुंदरता के प्रति सजग है। अधिक चुस्त-दुरुस्त रहने के लिए डाइटिंग, योग, व्यायाम या एरोबिक्स का सहारा लेती है। बढ़ते हुए वजन या थुलथुल शरीर से चिंताग्रस्त, सदैव उदास और थका हुआ महसूस करने वाली स्त्रियां तथा जो अपनी व्यस्तता के कारण व्यायाम नहीं कर पाती या बेडौल काया के कारण योग क्लास, हेल्थ क्लब जाने में संकोच करने वाली स्त्रियों के लिए एरोबिक्स वरदान साबित हुआ है। एरोबिक्स यानी संगीत की धुन पर किए जाने वाले व्यायाम। एरोबिक्स करने के लिए कोई विशेष साजो-सामान की जरूरत नहीं होती। बस पर्याप्त स्थान हो, इस हेतु आप कमरे से फर्नीचर हटाकर स्थान बना सकती है। पॉप, रॉक, जाज संगीत का कोई कैसेट या कर्णप्रिय धुन तथा तेज लय वाला कोई भी कैसेट लेकर उसी आधार पर नृत्य करें। कैसेट लेते समय इस बात का ध्यान अवश्य रखें कि व्यायाम के समय जिन अंगों को रिद?म पर थिरकन देना है उसके लिए सही रिद?म और संगीत उस कैसेट में अवश्य हो। इन धुनों पर जॉगिंग, रनिंग, साइकिलिंग, तैराकी, जैसी गति में थिरकन की जाती है। इस हेतु जेनफौंडा द्वारा तैयार किए गए लयात्मक योग व्यायाम की कैसेट बाजार में उपलब्ध है। भारतीय सिने अभिनेत्री रेखा ने भी एरोबिक्स पर एक ऑडियो कैसेट माइंड एंड बॉडी तैयार किया है। इसमें योग और व्यायाम को लेकर एरोबिक्स के लिए धुन तैयार की है। अनीता राज, शिल्पा शेट्टी ने भी वीडियो कैसेट तैयार किए हैं। एरोबिक्स व्यायाम अकेले भी किए जा सकते हैं और समूह के साथ भी। समूह के साथ करने का अलग ही मजा है। सप्ताह में तीन-चार बार या समय उपलब्ध होने पर प्रतिदिन भी व्यायाम किया जा सकता है। वैसे भी अपेक्षाकृत इसमें बहुत ही कम समय लगता है। लगभग दस से बीस मिनट लगते हैं।

एरोबिक्स करने वाले लोगों का कहना है कि वे इस अनूठे नृत्य व्यायाम से तन-मन की प्रसन्नता महसूस करते हैं और शरीर पर जमी अनावश्यक चर्बी गायब हो जाती है। इन्हें करने के लिए कोई शिक्षक हो यह आवश्यक नहीं। एरोबिक्स के बारे में संगीत के रसिक तथा उद्योगपति का मानना है कि इस व्यायाम से उनमें अधिक चुस्ती-फुर्ती आती है और वे अधिक हल्का महसूस करते हैं। संगीत की सुमधुर आवाज तनाव, चिंता दूर करने में सहायक है। एरोबिक्स निश्चय ही जीवन में अनोखा बदलाव लाता है। होटलों, हेल्थ क्लबों, ब्यूटी पार्लर्स, यहां तक की कई लोगों ने निजी कक्षाएँ भी खोल ली हैं, जहां 100 रुपए से लेकर 5000 रुपए तक फीस वसूली जाती है। आप अपने स्टैंडर्ड के अनुसार इन कक्षाओं में शामिल हो सकते हैं या घर में ही मुफ्त में इसका आनंद उठा सकते हैं।



लाभदायक है सर्दियों में सिंघाड़े का सेवन

सर्दियां शुरू होते ही बाजार में सिंघाड़े आसानी से प्राप्त हो जाते है और यह खाने में बहुत स्वादिष्ट होते है। सिंघाड़ा हमारी सेहत के लिए बहुत लाभदायक होता है इसमें पाएं जानें वाले पौष्टिक तत्व हमारी शरीर को तंदरूस्त रखने में मदद करते है। सिंघाड़े में वैसे तो विटामिन बी,फाइबर और भी कई पौष्टिक तत्त्व पाएं जाते है पर विटामिन ए और सी भरपूर मात्रा में पाए जाते है जो हमारी त्वचा को सुंदर बनाने में मदद करते है। हमारे शरीर को भी शक्ति प्रदान करता है।

- सिंघाड़े का सेवन करने से त्वचा में चमक तो आती ही है और त्वचा निखारने में भी मदद करता है।
- कच्चे सिंघाड़े का सेवन करने से शरीर में खून की मात्रा बढ़ जाती है।
- सर्दियों में सिंघाड़े का सेवन करना काफी लाभदायक होता है ,सिंघाड़े खाने से त्वचा तो निखरती ही है और साथ ही खुश्की की समस्या भी दूर हो जाती है।
- सिंघाड़े का सेवन करने से त्वचा संबंधी सभी रोगों से छुटकारा मिलता है जैसे धूप की अल्ट्रावायलेट किरणों से भी त्वचा की रक्षा करता है।
- सिंघाड़े का सेवन करने से गले में होने वाली खराश से राहत मिलती है और खांसी से भी छुटकारा मिलता है।
- सिंघाड़े का सेवन करने से हमें कई रोगों से राहत मिलती है जैसे पीलिया के रोगियों के लिए भी काफी फायदेमंद होता है।
- सिंघाड़े खाने से त्वचा पर पड़ने वाली झुर्रियों से भी राहत मिलती है।

औषधीय गुणों से भरपूर अजवायन

- अजीर्ण की शिकायत होने पर अजवायन का तेल तथा अर्क शीघ्र लाभ देते हैं।
- उदर शूल होने पर भी अजवायन का अर्क या तेल दें।
- दांत दर्द करते हों तो अजवायन को धीरे-धीरे चबाएं। चबाते समय दबाव कम डालें। रस निगल जाएं।
- मुंह से दुर्गंध आती हो तो भी अजवायन चबाया करें।
- सर्दी का बुखार परेशान करता हो तो अजवायन को गुड़ के साथ खाया करें। 5-6 दिनों में पूर्ण ठीक हो जाएंगे।
- जिन्हें सूतिका बुखार हो जाए, वह अजवायन का सेवन करें।
- प्रसूता नारियों को अजवायन खिलाने पर उनकी भूख खुल जाती है। उनकी पाचन शक्ति में वृद्धि होने लगती है।
- वायु गोला की शिकायत होने पर अजवायन एक चम्मच, काला नमक चौथाई चम्मच, पीस-छानकर ताजा पानी से लें।
- बार-बार पेशाब की शिकायत होने पर अजवायन तथा तिल मिलाकर रोगी को खिलाएं।
- गुर्दे का दर्द हो तो गुड़, पिसी कच्ची अजवायन, दोनों एक समान मात्रा में लें। मात्रा एक चम्मच, दिन में 4 बार।
- शरीर में शक्ति संचार करने के लिए यह चूर्ण, दिन में 2 बार, आधा चम्मच एक समय, ताजा पानी से दें।
- फोड़ा-फुंसी की सूजन होने पर नींबू के रस में अजवायन पीसकर दिन में 2 बार लेप करें।

घर के कामकाज से कम होता है तनाव

अगर आप तनाव के दौर से गुजर रहे हैं तो घरेलू कामकाज कीजिए। महज 20 मिनट का घरेलू काम आपको राहत देगा। आपका तनाव भागेगा और मानसिक रूप से आप स्वस्थ महसूस करेंगे। ब्रिटेन के अनुसंधानकर्ताओं का मानना है कि सप्ताह में कम से कम एक बार घरेलू कामकाज जैसी शारीरिक गतिविधियों के जरिये तनाव को कम किया जा सकता है। इसमें साफ-सफाई, बाग-बगीचे की देखभाल, मकान का रखरखाव आदि भी शामिल हैं। इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए लंदन के यूनिवर्सिटी कॉलेज के मार्क हेमर के नेतृत्व में एक अध्ययन किया गया। उन्होंने अपने अध्ययन में 20000 लोगों को शामिल किया और उनकी दिमागी हालत को जानने का प्रयास किया।

यूं तो नियमित कसरत को मानसिक स्वास्थ्य के लिए बढ़िया माना जाता है, लेकिन विशेषज्ञ कभी इस बात पर राजी नहीं हो सके कि किस तरह की और कितनी कसरत करना चाहिए।

फूहड़ता का आकर्षण और वर्चुअल समाज की विडंबना

कुछ समय पहले तक मुझे यह गलतफहमी थी कि सोशल मीडिया पर केवल रील्स और वीडियोज में वल्गर या बेहूदा कंटेंट ही ज्यादा देखा जाता है। सोचती थी कि शायद यह दृश्य माध्यम का प्रभाव है- जहां चमक, शरीर और शोर ही बिकता है, पर हाल के दिनों में कुछ लंबे पोस्ट पढ़ कर भ्रम टूटा। अब केवल दृश्य नहीं, भाषा भी बिकाऊ हो गई है। फूहड़पन अब सिर्फ कैमरे के सामने नहीं, कलम की नोक पर भी नाच रहा है। इन पोस्टों में विषय तो वही पुराने और ट्रेंडिंग हैं- पुरुषों को कोसना, संबंधों में स्त्री की पीड़ा या समाज की संकीर्णता। इन सबके बीच सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इन विचारों को जिस भाषा में व्यक्त किया जा रहा है, वह भाषा नहीं, गाली का उत्सव लगती है। लाइक्स और कमेंट्स की बरसात होती है और भीड़ ताली बजाती है- मानो फूहड़ता अब किसी नई साहित्यिक विधा का नाम बन चुकी हो। कभी कहा जाता था कि लिखना, दिखने से कहीं कठिन होता है। लिखना मतलब सोचना, मनन करना, किसी विषय पर आत्मा से उतरकर बोलना। शब्द कभी भीड़ को लुभाने का नहीं, समाज को सजग करने का माध्यम होते थे। लेकिन, आज इस संतुलन को एक नई भूख ने निगल लिया है- लोकप्रियता की भूख। अब जो सबसे तेज, सबसे तीखा और सबसे विवादित लिखेगा, वही सबसे ज्यादा देखा जाएगा। क्लिक और कमेंट की इस दौड़ ने शब्दों की गरिमा को लगभग निचोड़ कर रख दिया है। अब भाषा का अर्थ अभिव्यक्ति नहीं, उत्तेजना रह गया है। यह प्रवृत्ति केवल अनपढ़ या असंवेदनशील वर्ग तक सीमित नहीं- कई बार वही लोग, जो समाज में सुधार, परिवार में संस्कार और रिश्तों में मधुरता की बातें करते हैं, इन पोस्टों पर टूट पड़ते हैं। वे न केवल इन्हें पढ़ते हैं बल्कि लाइक, हार्ट और फायर इमोजी भेजकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हैं- जैसे यह कोई सांस्कृतिक आंदोलन हो। यह सवाल सबसे ज्यादा चुभता है- आखिर इस फूहड़ता में आकर्षण क्या है। क्या लोग वास्तव में इन विचारों से सहमत हैं या बस भीड़ में शामिल हो जाने की मजबूरी है। मनोवैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो सोशल मीडिया ने व्यक्ति को अदृश्य पहचान दी है। अब वह जो कहना, करना या दिखाना असल जिंदगी में नहीं कर सकता, उसे वह वर्चुअल दुनिया में निर्भीक होकर कर सकता है। यह आजादी धीरे-धीरे अराजकता में बदल गई है। भाषा की मर्यादा, सामाजिक संवेदना और दूसरों की गरिमा- सब पर खुली छूट मिल गई है। किसी का अपमान करना, समूहों को उकसाना, व्यंग्य में विष घोलना- यह सब अब क्रिएटिविटी कहलाता है। फूहड़ भाषा को निर्भीक अभिव्यक्ति बताया जा रहा है और सभ्य संवाद को पाखंड। विचारों की जगह शब्दों का शोर छा गया है। विडंबना यह है कि यही समाज घर में बच्चों को मर्यादा, संस्कार और आदर का पाठ पढ़ाता है, मगर वर्चुअल मंच पर वही लोग अपशब्दों की पोस्ट पर हंसते हुए इमोजी भेजते हैं। यानी हमारी वास्तविक और वर्चुअल नैतिकता में जमीन-आसमान का अंतर है। डिजिटल प्लेटफॉर्म ने हमें संवाद का अवसर दिया था, पर हम उसे विवाद का अखाड़ा बना बैठे। जहां पहले विचारों की टकराहट होती थी, वहां अब शब्दों की लाठियाँ चलती हैं। यह प्रवृत्ति केवल भाषा की समस्या नहीं, सामाजिक संस्कृति के क्षरण का संकेत है। क्योंकि जब शब्द दूषित होते हैं, तो विचार भी विकृत हो जाते हैं। जब विचार विकृत होते हैं, तो समाज में असहिष्णुता पनपती है। आज यही हो रहा है- हर वर्ग अपने पक्ष को एकमात्र सत्य मानने लगा है और जो असहमत है, उसके लिए अपशब्द तैयार रखे हैं। कला, चाहे लेखन हो या अभिनय- समाज से संवाद का माध्यम है। लेकिन संवाद और प्रहार में फर्क होता है। जो शब्द किसी की गरिमा को चोट पहुंचाएं, वे अभिव्यक्ति नहीं, आक्रोश का प्रदर्शन हैं। जब यह आक्रोश लोकप्रियता के रास्ते का शॉर्टकट बन जाए, तब समाज को आत्ममंथन करना चाहिए। जरूरत इस बात की है कि हम लोकप्रियता और गरिमा के बीच अंतर समझें। लिखना सिर्फ लोग क्या कहेंगे के लिए नहीं होना चाहिए, बल्कि मैं क्या कहना चाहता हूं के लिए होना चाहिए। सच्चा लेखक भीड़ से नहीं, विवेक से संवाद करता है। लेकिन, अफसोस, आज सोशल मीडिया ने साहित्य को मनोरंजन और विचार को व्यापार बना दिया है। हर लाइक, हर कमेंट, हर शेयर केवल एक बटन नहीं, एक नैतिक निर्णय है। जब हम किसी फूहड़ पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हैं तो हम अनजाने में उस प्रवृत्ति को बढ़ावा देते हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म का एल्गोरिदम तो वही दिखाता है जो अधिक देखा जाता है। इसलिए असभ्य कंटेंट तभी बढ़ता है, जब हम उसे बढ़ाते हैं। दर्शक अगर जिम्मेदार बन जाएं तो निमार्ता भी सुधरने को मजबूर होंगे। संवेदनशील और सुसंस्कृत समाज वही होता है, जहां लोकप्रियता का मापदंड शब्दों की गरिमा हो, न कि शब्दों की उत्तेजना। सोशल मीडिया अब किसी एक व्यक्ति का नहीं, पूरे समाज का दर्पण है। यहां जो लिखा, कहा और साझा किया जा रहा है- वही हमारी सामूहिक सोच बन रहा है। अगर हम चाहते हैं कि समाज में शालीनता और संवेदना बनी रहे, तो हमें वर्चुअल व्यवहार में भी वही अनुशासन अपनाना होगा जो वास्तविक जीवन में अपनाते हैं।

अब भारत से समाप्ति की ओर नक्सलवाद

ANALYSIS

✍ भूपेन्द्र भारतीय

अब विनय की अंतिम सीमा समाप्त हुई। लाल सलाम के नाम से लाल आतंक का पर्याय वर्षों तक भारत को भीतर से खोखला करता रहा, यह नक्सलवाद आज आखिरी सांस गिन रहा है। भारत ने आजादी के बाद जितना विकास देखा, उतना ही इस लाल आतंक ने उसे भीतर से लहूलुहान किया। जिन भोले व प्रकृति पूजक वनवासी अंचलों में कभी जनजाति गीतों की गूंज होती थी, वहां बारुद की गंध हवा में तैरने लगी। नक्सलियों ने वनवासियों से कहा कि वे उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन असल में उन्होंने उन्हीं के जीवन से मूलभूत अधिकार छीन लिये। उनके बच्चों को बंदूक थमाई, महिलाओं को ढाल बनाया। शहरों में बैठे अर्बन नक्सलियों का इसमें सबसे बड़ा हाथ रहा है। इन्हीं अर्बन नक्सलियों ने शहरों के वातानुकूलित कमरों में बैठकर नक्सली आग को हवा दी और भारत के 17 प्रतिशत भू-भाग को लाल क्रांति के नाम पर छह दशक से लहुलुहान किया। पूर्वोत्तर भारत के आंचलिक क्षेत्रों को विकास से वंचित रखा व अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का लंबे समय तक प्रयास किया। बंगाल के एक छोटे से क्षेत्र से शुरू हुआ यह लाल आतंक जैसे ही बंगाल में सत्ता में आया, नक्सलवाद वहां से गायब हो गया। इससे यही प्रतीत होता है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक राष्ट्र भारत में नक्सलवाद के नाम पर सत्ता हथियाने के लिए विदेशी ताकतों के सहारे नक्सली बंदूक व हिंसा के दम पर सत्ता पाना चाह रहे थे।

बिनय न मानत जलधि जड़ गए तीन दिन बीति। बोले राम सकोप तब भय बिनु होइ न प्रीति॥ तीन दिन तक याचना करने के बाद भी जब समुद्र नहीं माना, तो श्रीराम को क्रोध आ गया और लक्ष्मण से बोले- बिना भय के प्रेम नहीं होता है। इसके बाद उन्होंने समुद्र को सुखाने के लिए अग्नि बाण चलाने का निर्णय लिया और इसी के बाद समुद्र देव प्रकट हुए और क्षमा याचना की- श्रीराम के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। यहां रामकथा से जुड़े इस महत्वपूर्ण प्रसंग की चर्चा इसलिए आवश्यक प्रतीत हुई, क्योंकि भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र, खासकर छत्तीसगढ़, बंगाल, झारखंड, बिहार व ओडिशा राज्य करीब पांच-छह दशकों से नक्सलियों, नक्सलवाद व अर्बन नक्सली विचारधारा से रक्तरंजित रूप से ग्रसित रहा है। इन सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखकर आखिरकार वर्तमान मोदी सरकार को इस लाल आतंक के पर्याय को आत्मसमर्पण के लिए अंतिम रूप से चेताना पड़ा, नक्सलियों के साथ कोई संघर्ष विराम नहीं होगा, केवल आत्मसमर्पण ही एकमात्र विकल्प है। अब विनय की अंतिम सीमा समाप्त हुई। लाल सलाम के नाम से लाल आतंक का पर्याय वर्षों तक भारत को भीतर से खोखला करता रहा, यह नक्सलवाद आज आखिरी सांस गिन रहा है। भारत ने आजादी के बाद जितना विकास देखा, उतना ही इस लाल आतंक ने उसे भीतर से लहूलुहान किया। जिन भोले व प्रकृति पूजक वनवासी अंचलों में कभी जनजाति गीतों की गूंज होती थी, वहां बारुद की गंध हवा में तैरने लगी। नक्सलियों ने वनवासियों से कहा कि वे उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन असल में उन्होंने उन्हीं के

जीवन से मूलभूत अधिकार छीन लिये। उनके बच्चों को बंदूक थमाई, महिलाओं को ढाल बनाया। शहरों में बैठे अर्बन नक्सलियों का इसमें सबसे बड़ा हाथ रहा है। इन्हीं अर्बन नक्सलियों ने शहरों के वातानुकूलित कमरों में बैठकर नक्सली आग को हवा दी और भारत के 17% भू-भाग को लाल क्रांति के नाम पर छह दशक से लहुलुहान किया। पूर्वोत्तर भारत के आंचलिक क्षेत्रों को विकास से वंचित रखा व अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का लंबे समय तक प्रयास किया। बंगाल के एक छोटे से क्षेत्र से शुरू हुआ यह लाल आतंक जैसे ही बंगाल में सत्ता में आया, नक्सलवाद वहां से गायब हो गया। इससे यही प्रतीत होता है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक राष्ट्र भारत में नक्सलवाद के नाम पर सत्ता हथियाने के लिए विदेशी ताकतों के सहारे नक्सली बंदूक व हिंसा के दम पर सत्ता पाना चाह रहे थे। वामपंथी समर्थकों को वनवासियों के विकास की चिंता नहीं, बल्कि अपनी विचारधारा को जीवित रखने की चिंता है। हिंसा के दम पर सत्ता व शक्ति प्राप्त करने वाली विचारधारा। नक्सलियों ने संविधान और न्यायिक व्यवस्था को निशाना बनाया, जनता अदालत चलाकर समानांतर सत्ता कायम की। गवर्नेंस के अभाव में वहां विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य नहीं पहुंच पाया। हजारों बच्चे, बुजुर्ग व महिलाओं को अपने मूलभूत मानव अधिकारों से वंचित होना पड़ा। लेकिन मानव अधिकारों के पैरोकार वैश्विक संस्थाओं व संयुक्त राष्ट्र का इस ओर थोड़ा भी ध्यान नहीं गया, आश्चर्य का विषय रहा है। इस लाल सलाम से निपटने के लिए गत 11 वर्षों में वर्तमान केन्द्र सरकार के संकल्प, सुरक्षाबलों की समन्वित कार्रवाइयों और जनजातीय सहयोग से स्थिति बदली है। लाल आतंक के खात्मे के बाद सही मायनों में शांति तब आएगी, जब विकास व न्याय जन-जन तक पहुंचेगा। मोदी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है। 70 के दशक की शुरूआत में नक्सलवाद और हथियारबंद विद्रोह की शुरूआत हुई। 1971 में स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे ज्यादा 3620 हिंसक घटनाएं हुईं और इसके बाद 80 के दशक में सबसे ज्यादा जनयुद्ध दल (पीपल्स वॉर ग्रुप) ने महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, झारखंड, बिहार और केरल तक विस्तार किया। 80 के दशक के बाद वामपंथी गुटों ने एक-दूसरे में विलय की शुरूआत की और 2004 में प्रमुख भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) गुट का गठन हुआ एवं नक्सली हिंसा ने और गंभीर रूप ले लिया। एक समय पशुपतिनाथ (नेपाल) से तिरुपति (तमिलनाडु-आंध्रप्रदेश) पट्टी तक को लाल पट्टी (रेड कॉरिडोर) कहा जाता था। 1960-2014 तक 66 अभेद्य पुलिस थाने बने थे, मोदी सरकार के 11 वर्षों में 576 और नए थाने बनवाए। 2014 में नक्सल प्रभावित जिले 126 थे जो अब घटकर 18 रह गए और इनमें से भी ज्यादा प्रभावित 36 जिलों में अब वर्तमान सरकार की निर्णायक कार्यवाही व भय बिनु होइ न प्रीति नीति पर चलते हुए यह लाल सलाम वाली पट्टी सिर्फ गंभीर प्रभावित छह जिलों में ही सिमट गई है। जहां पहले की सरकारों के समय लाल आतंक के प्रति बिखरे हुए दृष्टिकोण से काम होता था, घटना आधारित प्रतिक्रिया होती थी और कोई स्थायी नीति नहीं थी, एक प्रकार से सरकार की प्रतिक्रिया का नियंत्रण नक्सलियों के पास था। वर्तमान सरकार में गृहमंत्री के नेतृत्व में 2014 के बाद सरकार के अभियानों और कार्यक्रमों की कमान भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने अपने जिम्मे ली और यह एक बड़ा नीतिगत बदलाव है। विगत दिनों एक कार्यक्रम में गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि बिखरे दृष्टिकोण की जगह अब एकीकृत और दृढ़ नीति को अपनाया गया है। वर्तमान सरकार की नीति यह है कि जो हथियार छोड़कर आत्मसमर्पण करना चाहते हैं, उनके लिए स्वागत है, लेकिन अगर कोई हथियार लेकर निर्दोष वनवासियों की हत्या करेगा तो सरकार का संवैधानिक धर्म है कि वह उन्हें बचाए और हथियारबंद नक्सलियों से कड़ाई से निपटे। इसी नई रणनीति के परिणाम है कि अब तक लाल सलाम की समस्या का 90 प्रतिशत समाधान होने पर है और पीछले दो वर्षों 2024 में 881 व 2025 में अब तक 1241 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। अब आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों की संख्या लगातार बढ़ रही है और निरंतर लाल सलाम की पट्टी समाप्ति की ओर है। जैसा कि साल 2014 में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तब भारत सरकार ने संवाद, सुरक्षा और समन्वय- इन तीनों पहलुओं पर काम करने की शुरूआत की थी, इसके परिणामस्वरूप 31 मार्च 2026 को भारत से हथियारबंद नक्सलवाद समाप्त हो जाएगा। श्रीराम के आदर्शों व संवैधानिक मूल्यों पर चलने वाली इस पवित्र भूमि पर रक्तरंजित लाल सलाम के लिए यह अंतिम दिवस होगा, हमें यही विश्वास है।

परंपरा और प्रौद्योगिकी का संगम है नया भारत

साल 2025 का भारत आर्थिक आत्मविश्वास और अर्जित सम्मान की नई ऊंचाइयों पर खड़ा है। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, अमेरिकी टैरिफ और पश्चिमी दबावों जैसी चुनौतियों के बीच भी भारत ने अपनी विकास दर को स्थिर रखा है। साथ ही समावेशी और टिकाऊ विकास का उदाहरण भी पेश किया है। कहना होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत आत्मनिर्भरता और आधुनिकता के संगम से एक नई आर्थिक पहचान गढ़ रहा है। सरकारी नीतियों की स्थिरता, जनकल्याण की निरंतरता और निजी क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी ने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है। वस्तुतः अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों- आईएमएफ, विश्व बैंक और एशियन डेवलपमेंट बैंक की रिपोर्टों के अनुसार, भारत 2025 में लगभग 6.5 प्रतिशत की दर से आर्थिक वृद्धि दर्ज कर रहा है, जो वैश्विक औसत 3.2 प्रतिशत से लगभग दुगुनी और चीन की 4.8 प्रतिशत दर से भी अधिक है। भारत की कुल जीडीपी अब 4.3 ट्रिलियन डॉलर यानी 357 ट्रिलियन रुपये से अधिक हो चुकी है, जिससे वह अमेरिका और चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो गया है। इस उपलब्धि के पीछे सरकार की पूंजीगत व्यय में ऐतिहासिक वृद्धि, सेवा क्षेत्र की तेजी, मजबूत घरेलू खपत और डिजिटल ढांचे का व्यापक विस्तार जैसे कारक हैं। रेलवे, सड़क, बंदरगाह, हरित ऊर्जा और रक्षा निर्माण में बढ़ते निवेश ने भारत की अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक मजबूती प्रदान की है। हमारे लिए यह गौरवपूर्ण बात हो सकती है कि अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने के बाद भी निर्यातकों ने अद्भुत लचीलापन दिखाया। अप्रैल से सितंबर 2025 के बीच भारत का कुल निर्यात (वस्तु और सेवा मिलाकर) 413 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 396 बिलियन डॉलर की तुलना में 4.45 प्रतिशत अधिक है। यह इस बात का प्रमाण है कि भारत वैश्विक संकटों के प्रभाव से उबरने में सक्षम है। मोदी सरकार ने कठिन परिस्थितियों में भी ऊर्जा नीति को राष्ट्रहित में रखा हुआ है। जैसा कि देखने में भी आया, रूस जैसे वैकल्पिक स्रोतों से सस्ते तेल आयात जारी रखकर औद्योगिक लागत को नियंत्रण में रख पाने में सरकार सफल रही है। घरेलू बाजार में त्योहारी सीजन के दौरान जबरदस्त उछाल रहा, दिवाली 2025 पर देश भर में रिकॉर्ड 6.05 लाख करोड़ रुपये का कारोबार हुआ, जो पिछले वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है। इससे यह स्पष्ट हुआ कि भारतीय उपभोक्ता का विश्वास अपनी अर्थव्यवस्था पर मजबूत बना हुआ है। यह भी हमारे लिए गौरव की बात है कि 87 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने वोकल फॉर लोकल अभियान भाग लेकर स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दी। धनतेरस पर एक ही दिन में एक लाख से अधिक चारपहिया वाहनों की बिक्री हुई, जिनमें प्रमुख रूप से भारतीय और भारत में निर्मित ब्रांड्स- टाटा, महिंद्रा, मारुति और हुंडई का दबदबा दिखा। यह दृश्य बताता है कि हमारी क्रय शक्ति लगातार बढ़ रही है। यह आत्मनिर्भर भारत के प्रति समाज का भावनात्मक जुड़ाव भी है। स्वदेशी कंपनियों की सफलता की कहानियाँ अब वैश्विक स्तर पर चर्चा में हैं। ऑटोमोबाइल, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, एफएमसीजी और खुदरा क्षेत्र में भारतीय कंपनियाँ विदेशी ब्रांड्स को कड़ी टक्कर दे रही हैं। मोबाइल निर्माण के क्षेत्र में भारत अब 300 से अधिक उत्पादन इकाइयों के साथ विश्व का प्रमुख केंद्र बन चुका है। 2025 के पहले पाँच महीनों में ही देश में आईफोन के उत्पादन का मूल्य 10 बिलियन डॉलर पार कर गया। टाटा, महिंद्रा, बजाज और मारुति जैसे ब्रांड्स लगातार बाजार में अग्रणी हैं, जबकि एफएमसीजी और खुदरा क्षेत्र में डाबर, पतंजलि, आईटीसी, रिलायंस रिटेल और गोदरेज जैसी कंपनियों ने मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। ग्रामीण और शहरी दोनों बाजारों में स्थानीय उत्पादों की खपत बढ़ने से अपार नए रोजगार में वृद्धि दिख रही है। ऐसे में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं भी ध्यान में आती हैं। इस वर्ष में मोदी सरकार की दस प्रमुख योजनाओं ने गरीब, किसान, महिला, युवा और बुजुर्ग सभी वर्गों को सशक्त किया है। पीएम सूर्य घर योजना के तहत लाखों घरों में सौर ऊर्जा से मुफ्त बिजली मिल रही है। आयुष्मान भारत योजना से 50 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त इलाज का लाभ मिला है। जन-धन योजना के माध्यम से अब तक 52 करोड़ से अधिक खाते खुले हैं, जिससे वित्तीय समावेशन को वैश्विक स्तर पर मिसाल माना जा रहा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना ने 80 करोड़ से अधिक नागरिकों को मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। आवास योजना में अब तक चार करोड़ से ज्यादा घरों का निर्माण हो चुका है। स्वच्छ भारत मिशन ने ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में जीवनस्तर को सुधारा है और कौशल विकास योजनाओं ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया है। वृद्धावस्था पेंशन और अंत्योदय अन्न योजना जैसे कार्यक्रमों ने कमजोर तबकों को सुरक्षा कवच दिया है। विदेशी निवेश के क्षेत्र में भी भारत का प्रदर्शन उल्लेखनीय दिखता है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत में रिकॉर्ड 81 बिलियन डॉलर का एफडीआई आया, जो अब तक का सर्वाधिक है। यह निवेश सेवा, मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में हुआ, जिससे लाखों नए रोजगार बने। मेक इन इंडिया और पीएलआई योजनाओं ने एपल, फॉक्सकॉन, सेमसंग और माइक्रोन जैसी वैश्विक कंपनियों को भारत में उत्पादन इकाइयाँ स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम अब विश्व का तीसरा सबसे बड़ा बन चुका है, जहाँ सौ से अधिक यूनिकॉर्न्स सक्रिय हैं जोकि नवाचार के नए द्वार खोल रहे हैं। इसी तरह आज कृषि, सेवा और औद्योगिक क्षेत्र तीनों ही मोर्चों पर संतुलित प्रगति दिखाई दे रही है।

Social Media Corner

सच के हक में...

'भाजपा को जानें' पहल के तहत नई दिल्ली में श्रीलंका के विपक्ष के नेता श्री सजित प्रेमदासा से मुलाकात की। मैंने बताया कि हमारी पार्टी जमीनी स्तर पर कैसे काम करती है और जनता-प्रथम की नीतियाँ भारत की विकास यात्रा को कैसे आकार दे रही हैं। हमने इस बात पर सार्थक चर्चा की कि राजनीतिक दल नागरिकों की बेहतर सेवा कैसे कर सकते हैं। मैंने यह भी बताया कि कैसे पार्टी और सरकार के बीच समन्वय से कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होता है। भारत और श्रीलंका ने हमेशा एक-दूसरे का घनिष्ठ पड़ोसी के रूप में समर्थन किया है। दोनों देशों की प्रगति और विकास के लिए मिलकर काम करने की आशा है।

(जेपी नड्डा का का 'एक्स' पर पोस्ट)

हेमंत सरकार एक बार फिर किसान विरोधी फैसला लेने की तैयारी में है। धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दिए जाने वाले बोनस में कटौती की योजना बनाई जा रही है। सरकार बार-बार किसानों के साथ विश्वासघात कर रही है। चुनाव से पहले हेमंत सरकार ने 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने का वादा किया था, लेकिन वास्तव में 2400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से ही खरीद हुई। अब उसमें भी 19 रुपये प्रति क्विंटल की नई कटौती का प्रस्ताव लाया गया है। हेमंत सोरेन जी, अन्नदाता किसानों के हक पर चोट करना छोड़ दीजिए। अगर एक पैसे की भी कटौती की गई तो भाजपा आपकी सरकार का दाना-पानी बंद कर देगी। किसानों के हक से कोई समझौता नहीं होगा।

(बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)

चीन-अमेरिका की भिड़ंत में उलझा विश्व

